CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आ २२/५१

अनूपरागविलासः 1

आम्नाय-ग्रन्थालय,
रत्ननिधि, करौली
वाराणसी-5

थालय
वाराणसी-५
२/५१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अ:2/51
आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रिय सौ. रजनी ताई व शिरीष भाई यांस,
प्रेमपूर्वक भेट,

वसुंधरा कोमकाळी
२४-१०-९३

अनूपरागविलास : १

अ : 2151
आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

अनूपरागविलास : १

कुमार गंधर्व

कुमार गंधर्व संगीत अकादमी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौली
वाराणसी-5

पहला संस्करण : मई १९६५
दूसरा संस्करण : ३ जुलाई १९९३, गुरुपौर्णिमा १९१५

© १९९३, वसुंधरा कोमकाळी

आवरण : विनय जैन
आवरण चित्र : आम्र वस्त्र कोष
छायाचित्र : भालू मोंढे

कीमत सौ रुपये

प्रकाशक
वसुंधरा कोमकाळी
प्रबन्धन्यासी
कुमार गंधर्व संगीत अकादमी
'भानुकुल', माताजी का रस्ता
देवास, मध्य प्रदेश

मुद्रक
प्र० पु० भागवत
मौज प्रिंटिंग ब्यूरो
खटाववाडी, गिरगाम
बम्बई ४०० ००४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

भानुमती को....

जिसने मेरे हर विचार, प्रत्येक कृति को परखा और
अन्य किसी के पास जाकर परख करवाने की
आवश्यकता मुझे कभी भी प्रतीत नहीं होने दी...
जिसने मेरे विचारों को अपना बना लिया तथा स्वयं के
विचारों से मुझमें साहस निर्माण कर मेरे विचारों को
आकारबद्ध किया...जिसका स्मरण किये बिना मैं
कभी भी कुछ नहीं कर सकता...

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मेरी बात

इस पुस्तक के सम्बन्ध में प्रारम्भ से लेकर अब तक मुझे कोई कठिनाई महसूस नहीं हुई। राग बनाये नहीं जाते, राग बन जाते हैं। बंदिशें अनायास खिलती जाती हैं। लेकिन अब, जब मैं अपनी बात कहने की कोशिश कर रहा हूँ, तो समझ नहीं पडता कि क्या कहूँ, कैसे कहूँ?

'अनूपरागविलास' को प्रस्तुत रूप प्रदान करने में जिन लोगों ने सहयोग प्रदान किया है उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना उचित ही है। काश! वे इतने निकट के न होते; क्योंकि स्थापित शिष्टाचार का पालन पारस्परिक आत्मीयता की मधुरता के सन्दर्भ में कुछ कृत्रिम प्रतीत होता है, और कृत्रिमता का मेल आत्मीयता के साथ नहीं बैठता।

मेरे बुजुर्ग आदरणीय श्री वामनरावजी देशपांडे ने मेरा निवेदन स्वीकारकर अत्यंत परिश्रमपूर्वक जो प्रदीर्घ भूमिका लिखी है उसके लिये उन्हें कैसे धन्यवाद दूँ, जब कि मैं स्वयं को उनके आशीर्वाद का अधिकारी मानता हूँ।

श्री श्रीकृष्ण पुरुषोत्तम भागवत तथा उनकी संस्था 'मौज प्रकाशन गृह' मराठी प्रकाशन व्यवसाय में पर्याप्त ख्याति अर्जित कर चुकी है। 'अनूपरागविलास' लेकर वे हिन्दी प्रकाशन के क्षेत्र में पदार्पण कर रहे हैं। साथ ही यह उनका प्रथम 'संगीत' प्रकाशन है। इस प्रकार उन्होंने मुझे दुहरा सम्मान प्रदान किया है। मैं कृतज्ञ हूँ।

इन दो के अलावा मेरे प्रिय मित्र श्री राहुल बारपुते जिन्होंने मराठी का हिन्दी में अनुवाद कर कर्तव्य निभाया है, उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद तो नहीं देता, क्योंकि वे मेरे बहुत निजी हैं मगर वे ऐसे ही कर्तव्य निभाते रहें यही इच्छा।

दिसम्बर १९६४
भानुकुल
माताजी का रास्ता
देवास (म. प्र.)

कुमार गंधर्व

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

अनुक्रम

	पृष्ठ
मेरी बात	७
भूमिका	९
स्वरांकन संकेतों का परिचय	३७
तालों का परिचय	३९
राग और बंदिशे	
पारम्परिक राग	
तोडी	
देवो मोहे	१
पूछो काय मोसे	२
बिलासखानी	
नयन में जल	३
अहीरभैरव	
कैसे मनालूँ रे	४
ललित	
ये मेरो मन	६
गुणकरी	
आव म्हारा मनबसियारे	७
अल्हैयाबिलावल	
लैला जाज्यो	८
जीवनपुरी	
श्याम बजा	९
अरि येरी जागरी	११
तदानि तारे, तारे	१२
राग और बंदिशे	पृष्ठ
देशकार	
आयो मिल्वे	१३
जा जारे भौंरा	१४
देशी	
आपके बुलावा	१५
येरी आली मोहे	१६
भैरवी	
नाद धुन गान	१७
गौडसारंग	
पिया बसेरा	१८
शुद्धसारंग	
नैना न माने	१९
मधमाधसारंग	
रुखवा तले आया	२०
भीमपलासी	
नाद सो जानुरे	२१
इस जगमें तुम	२३
सब सुर साधे	२४
आयो रंग फाग	२५
जावां हूं देसा	२६
दीं तन देरेना	२७
धानी	
प्यारो लागो म्हने	२९
आई रुत आई	३०
धनाश्री	
आरिया बीरा म्हारा	३१
कल्याण	
देवो दान मोहे	३२
शिव शिव कल्याण करी	३३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग और बंदिशे	पृष्ठ
पीयरवा आवो तुम	३५
यार वे ना	३६
मुख तेरो कारो	३७
मधुवंती	
मैं आऊं तोरे	३८
मारवा	
धाम परे रे	३९
पूरियाधनाश्री	
वलगई जोत	४१
कहाँ चला हो रे	४३
श्री	
संजा कहे जाय	४४
करन दे रे	४५
गौरी	
काहे तोरा मुख	४६
घूंघट खोलो ना	४७
चित चंचल मोरा	४८
भूप	
ध्यान अब दीज्यो	४९
नींद न आये	५०
चैतीभूप	
निमोरी का मौरा	५१
बिहाग	
करत लाडी लाडी	५२
ना छेडो ना छेडो	५३
सावनी	
दरस बिन निरस	५४
कामोद	
ऐसन कैसन	५५
बिन जाना सो	५६

राग और बंदिशे	पृष्ठ
हमीर	
अजब दुनिया जारिया	५८
जारे जारे रंगरेज्या	५९
नंद	
राजन अब तो	६०
नाट	
सपत सुर गावे	६१
पिहर न मन	६२
छायानट	
नहीं आना तुम्हें	६३
बागेश्री	
टेसुल बन फुले	६४
पार नहीं हो	६५
फेर आई मौरा	६६
तान् देरेना तदारे	६७
बहार	
रस वरसायो रे	६९
ऐसो कैसो आयो	७१
भंवर मन गेल्यो	७२
दरबारी कानडा	
सुंदर मुख तेरो	७३
गोरी तोरे नैना	७५
अडाणा	
सुन जियरा तरसे	७६
कंचन पिचकारी	७७
कानडा	
मेहल मंदरमांही रे	७९
तान कपतान	८०
नायकीकानडा	
आये मंदरवा	८२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग और बंदिशे	पृष्ठ
जैजैवंती	
सुनलै मना मान	८३
बात तू न करो	८४
बहोत ना बोलो	८५
आव बनजारा रे	८६
ये लायी सेरा	८७
शंकरा	
अनत जानू न जानू	८८
सुंदर नयन तोरे	९०
सिर पै धरी गंग	९१
आवो रिझावो रिझावो	९२
शुद्धकल्याण	
ये मोरा रे मोरा	९३
केदार	
बैठी हूँ अकेली	९४
छैला तू अइं	९५
मुख दिखादे मोहेरी	९६
गौडमल्हार	
न बताती तू	९७
घन गरजे बरखा	९८
मियामल्हार	
कारे मेघा बरसत	९९
जाज्योरे बदरवा	१०१
मालकौंस	
काहे री धन	१०२
माई री मैं	१०३
आनंद मना	१०४
छब तेरी छब तेरी	१०५
फूल बेदाग ये बन	१०७
कौशी	
सीसेरी सेरा बंधले	१०८

राग और बंदिशे	पृष्ठ
चंद्रकौंस	
वेणुनाद दसोदिस गयी	१०९
बसंत	
सपने में मिलती तोहे	११०
रंग केसरिया सिर पागा	१११
परज	
ना करोजी मोसंग रार	११२
सोहनी	
रंग ना डारो श्यामजी	११३
श्रीकल्याण	
देखो रे उत	११४
गौरीबसंत	
आज पेरीले गोरी	११५
धनबसंती	
दीपकी ज्योत जरे	११६
कामोदवंती	
ये तो मानलेरी	११७
दुगकिदार	
लादले लदाले	११८
केदारनंदा	
ला दे बीरा म्हाने	११९
कौशीकानडा	
मुख आ दरदारे	१२०
कोमल बागेश्री	
आज दिया बरे	१२१
सोहनीभटियार	
मारूजी भूलो ना	१२२
पटमंजरी	
सूझत नाहिं गान	१२४
सजल नैना काहे	१२६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग और बंदिशे	पृष्ठ
पटमंजरी (भटियार अंग)	
सब रस एक भयो	१२७
याद आयी री जागी	१२९
देस	
आ राजाजी घरे	१३०
यला यला याल यला	१३१
झिंझोटी	
थाकी रे मैं पिया	१३३
दानी तदानी दानी	१३५
मिश्रगारा	
देरेना दारे, तदारे	१३७
मिश्रकाफी	
तना दीम् तना देरेना	१३९
मिश्रबिहाग	
यला याल यला	१४१
झिंझोटीमिश्रवंती	
तना तना दीम् तना	१४२
दुर्गा	
तान्ना देरेना दानी	१४३
धुन उगम राग	
सहेलीतोडी	
काहे रे जगावां	१४९
चंदासा मुख बनडारा	१५०
भवमतभैरव	
कंथारे, जानो जानो	१५४

राग और बंदिशे	पृष्ठ
बीहड़भैरव	
येहोरे श्याम	१५७
बना बनि आयो मेलो	१५८
मधसुरजा	
बचाले मोरी मां	१६२
निंदियारी	
आजारे आजा, पिया	१६७
संजारी	
संजा सुन लेहोरी	१७०
रतियाँ डरावन	१७२
मालवती	
चलारे चला जारे	१७५
मंगल दिन आज	१७६
मघवा	
मोर लाई रे लाई	१७९
सावन झर आयो	१८०
लगनगंधार	
सुध ना रही मोहे	१८३
बाजे ले मोरा	१८४
राही	
आजारे कंथा	१८७
अहिमोहिनी	
अंखिया नी फेरो	१९०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आम्नाय-ग्रन्थालय,
भरतनिधि, करौंदी
वाराणसी-5

भूमिका

मेरे तरुण गायक मित्र श्री शिवपुत्र कोमकाली ऊर्फ श्री कुमार गंधर्व ने स्वयं की बंदिशों के प्रस्तुत संग्रह की भूमिका लिखने का कार्य मुझे सौंपकर मेरा सम्मान किया है। 'संगीतसृष्टि के प्रश्नचिन्ह' कहकर उनका सार्थ वर्णन गोविन्दराव टेम्बे पच्चीस वर्ष पूर्व ही कर चुके हैं। अन्य लोगों ने उनका उल्लेख संगीतसृष्टि के उद्गारचिन्ह कहकर भी किया है। एवंगुणविशिष्ट कुमारजी ने क्या सोचकर यह काम मुझे सौंपा है यह भी एक प्रश्न ही है। शायद अपनी पीढ़ी से पहले की पीढ़ी का एक अभ्यासक अपनी कृति के बारे में क्या सोचता है इसे वे जानना चाहते हों। बहरहाल सम्मान बहुत बड़ा है। लेकिन साथ ही जो उत्तरदायित्व आ पड़ा है वह भी उतना ही बड़ा है। क्योंकि इस संग्रह को लेकर संगीत-सम्बन्धी बहुतेरे भारी प्रश्न उठते हैं। उन सबकी चर्चा करना आसान नहीं है। फिर भी यथाशक्ति कोशिश तो करनी ही होगी।

आजतक बंदिशों के अनेक संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। बल्कि, संगीतविषयक वाङ्मय में इस प्रकार के गीत-संग्रहों की ही बहुतायत दिखाई पड़ती है। (मराठी के ही बारे में कहा जाय तो) स्वर्गीय पंडित भातखंडे एवं स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगम्बर से लेकर विद्यमान पं० मिराशीबुआ, पं० विनायकराव पटवर्धन, श्री मास्टर कृष्णराव, प्रा० बा० र० देवधर, पं० रातंजनकर आदि अनेक मान्यवर कलाकारों ने अपने अपने संग्रह प्रकाशित कर महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। और संगीतक्षेत्र में स्वर्गीय पं० भातखंडे क पश्चात् विवेचनात्मक तथा विश्लेषणात्मक वाङ्मय का कितना ही अभाव क्यों न रहा हो पर बंदिशों के संग्रह की कोई कमी नज़र नहीं आती। प्रश्न पैदा हो सकता है कि ऐसे संग्रहों की इतनी विपुलता होते हुए यह एक और संग्रह क्यों?

प्रश्न स्वाभाविक है और उसका उत्तर भी उतना ही आसान है। वह यह है कि अब तक के संग्रह मुख्यतया 'संकलनात्मक' थे, जब कि प्रस्तुत संग्रह 'सृजनात्मक' है, आमूलाग्र 'नव-निर्मित' है। इसमें कुल मिलाकर १३६ बंदिशें हैं। जो सभी 'बंदिश' की संज्ञा की अधिकारिणी हैं। इनमें से १०७ बंदिशें ५७ पुराने रागों में हैं और १७ बंदिशें कुमारजी द्वारा स्वयं बनाये गये ११ बिलकुल नये रागों में हैं। इसके अलावा पुराने ही दो या अधिक रागों को मिलाकर बनाये गये १२ मिश्र राग हैं, जिनकी बंदिशें भी उन्हीं की बनाई हुई हैं। इस प्रकार इस संग्रह का सामान्य रूप है— कुछ पुराने राग पर बंदिशें नई और कुछ राग नये एवं बंदिशें भी नई। कम-से-कम मेरी जानकारी में तो इतने व्यापक पैमाने पर किया गया प्रयास दूसरा नहीं है।

इस प्रकार का प्रयास एकदम नया हो ऐसी बात नहीं। लेकिन ऐसे प्रयासों का इतिहास निश्चय ही दुखभरा है। कुछ लोग नये राग बनाने पर तुल गये और नये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रागों को 'महामाया', 'माँ भवानी' जैसे नाम भी रख देखे। यों इन्हें अल्पजीवी सराहना भी मिली पर बात कुछ बनी नहीं। कुछ लोगों ने पुराने रागों में नई 'बंदिशें' बांधने की कोशिशें कीं। लेकिन खुद बांधनेवालों ने ही इन्हें महफ़िलों में गाना छोड़ दिया। कुछ लोगों ने पुरानी बंदिशों के संग्रहों में अपनी नई बंदिशों को बीच बीच में रोपने का प्रयास किया पर वे जड़ न पकड़ सकीं। कुछ चीजों को कलाकारों ने गाकर आ जमाया भी। लेकिन उनके सर्वश्रेष्ठ शागिर्दों के द्वारा भी ऐसी चीजें कभी गाकर पेश नहीं की गईं। कुछ लोगों की बंदिशें तो काफ़ी थीं, पर उन्हें महफ़िल में प्रस्तुत करनेवाले शिष्य ही नहीं मिले। संक्षेप में, किसी में क्षमता नहीं थी, किसी में आत्मविश्वास का अभाव था तो किसी को शिष्य ही प्राप्त न हो सके—नव निर्माण की बस यही कहानी है। निश्चय ही उक्त सामान्य स्थिति के कुछ सम्माननीय अपवाद हैं। मरहूम अल्लादिया खाँ, फैयाज़ खाँ, विलायत खाँ आग्रेवाले आदि की कई खूबसूरत बंदिशें आज भी गाई जाती हैं। इसी प्रकार विद्यमान कलाकारों में मास्टर कृष्णराव, श्री जगन्नाथबुआ पुरोहित तथा पं० रातंजनकर की बंदिशें बहुत ही लोकप्रिय सिद्ध हो चुकी हैं। ये बंदिशें इन कलाकारों के द्वारा अपने अपने शिष्यों को सिखलाई भी गई हैं और ये शिष्य अपने शिष्यों को यही बंदिशें आज भी सिखा रहे हैं। सब की रचनायें मन को छू लेनेवाली बन पड़ी हैं और उनका प्रभाव निश्चय ही उल्लेखनीय है। ये कलाकार प्रस्तुत विषय नहीं हैं फिर भी यहाँ उनका सादर उल्लेख न्यायोचित ही होगा।

इस सारी आलोचना का मतलब यह नहीं कि प्रत्येक कलाकार के लिये नई बंदिशें बांधना या नये राग बनाना जरूरी है। एक कलाकार के नाते, एक सफल महफ़िल गायक के नाते यह अनावश्यक ही है। हर महान् कलाकार के द्वारा नये राग अथवा नई बंदिशें बांधी गई थीं इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है! यही नहीं बल्कि उनके पास पुरानी खानदानी बंदिशों का इतना विशाल संग्रह था कि नई चीजें अथवा राग बनाने की आवश्यकता उन्हें प्रतीत ही नहीं हुई।

पुरानी खानदानी बंदिशें एकत्रित करने, उनके आकार-उकार निर्धारित करने, उनकी सरगम निश्चित करने में जिन्होंने अपनी सारी ज़िन्दगी खपा दी तथा रागों का भी कुछ वर्गीकरण किया उन पंडित भातखंडे का स्मरण यहाँ अवश्य ही करना होगा। उसी प्रकार सौ दो सौ वर्ष पूर्व बांधी गई बंदिशों के, जो कि आज भी गाई जाती हैं, रचयिता सदारंग, अदारंग, मनरंग, हररंग आदि श्रेष्ठ स्वरकारों का भी पुण्य स्मरण बनाये रखना आवश्यक है। और यह भी नहीं भूला जा सकता कि जिन बंदिशों को आज हम 'पुरानी', 'परंपरागत' कहते हैं वे अपने अपने समय में नवनिर्मित ही थीं।

पंडित भातखंडे आदि संग्राहकों ने इतना प्रचंड कार्य किया है फिर भी उनके ग्रन्थों में पहले के संगीतज्ञों द्वारा बांधी गई असली बंदिशें कितनी हैं, स्वरकारों द्वारा रची गई स्वरावलियों की सच्चाई पं० भातखंडे तक पहुँचते पहुँचते किस मात्रा में बची रही, बंदिशों के पाठ में कितने अपभ्रंश घुस आये हैं, आदि महत्त्वपूर्ण प्रश्न अनिर्णीत ही रह जाते हैं। मतलब यह कि सौ दो सौ वर्षों की अवधि में उस जमाने की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नवनिर्मित बंदिशों के स्वरूप में आमूलाग्र परिवर्तन हो गया हो ऐसी भी संभावनायें हैं। कुमारजी के प्रस्तुत संग्रह के बारे में इस प्रकार के किसी भी संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। उनका सारा सृजन उनका है, उसे लिपिबद्ध भी स्वयं उन्होंने ही किया है और स्वरावलियाँ भी उन्हीं की उपज हैं, इसलिये उसमें भ्रष्टाचार की संभावनायें हैं ही नहीं। वह बिलकुल तरोताज़ा है।

किन्तु अधिकांश नवनिर्माण के साथ उसके बचपन की व्यथायें भी होती हैं। उनमें से एक महत्त्वपूर्ण व्यथा है—सब नये राग व नई बंदिशें महफ़िल के मैदान में टिकी न रहें। कई कृतियाँ शैशव में ही मिट जाती हैं, क्योंकि वे महफ़िल के धर्मकाँटे पर खरी साबित नहीं होती। और इस बारे में कुमारजी की सफलता सचमुच ही प्रभावशाली है। इस संग्रह की हर बंदिश तथा प्रत्येक राग को वे अपनी अनेकानेक महफ़िलों में कई बार गाकर परख चुके हैं। यही नहीं, अपनी महफ़िल में पुरानी बंदिशों के बजाय खुद के द्वारा बांधी गई बंदिशें गाकर प्रस्तुत करने का उन्हें शौक है। और प्रस्तुत संग्रह की प्रत्येक रचना यशस्विता की उक्त कसौटी पर खरी उतरने के पश्चात् ही इस संग्रह में स्थान पा सकी है।

यहाँ एक बुनियादी प्रश्न उपस्थित होता है—संगीत में नवनिर्माण किसे कहेंगे? कुमारजी के सृजन के सन्दर्भ में इसका विचार जरूरी है। कहा जाता है कि जब कोई गायक महफ़िल में गाता है तो वह नवनिर्माण ही होता है। यही नहीं, पश्चिमी संगीत और भारतीय संगीत का भेद दर्शाते हुए हमारा संगीत उत्स्फूर्त होता है जब पश्चिमी संगीत वैसा नहीं होता, मतलब किसी रचयिता द्वारा वह पहले से ही निर्धारित होता है, इस विशिष्टता पर उँगली रक्खी जाती है। अभी पिछले अगस्त (१९६४) में एडिंबरो में सम्पन्न संगीत परिषद् में भी पश्चिमी संगीतकारों ने भारतीय संगीत की जो सराहना की सो विशेषतया उसकी उत्स्फूर्तता की ही। और आज भी हमारे संगीत में 'हार्मनी' को अपनाने से कहीं हमारी यह महत्त्वपूर्ण विशिष्टता खो तो नहीं जाएगी यही आशंका सब को है।

यह सब सही हो तो भी यह निर्माण का एक प्रकार है। नई बंदिशें तथा नये रागों का निर्माण यह एक अन्य प्रकार है। लेकिन जिन्होंने गायकी की पुरानी पगडंडियों या राजमार्गों से ही इन्कार कर नई राह बनाई और उसे राजमार्ग की प्रतिष्ठा प्राप्त करवा दी उन्होंने भी नवनिर्माण ही किया यह स्वीकार किया जाना चाहिये। खाँसाहब अब्दुल करीम खाँ या खाँसाहब अल्लादिया खाँ ने स्वयं की स्वतंत्र गायकी का निर्माण किया। उस गायकी को उन्होंने अपने शिष्यों में संक्रमित किया और इन शिष्यों ने फिर अपने शिष्यों को इसी की शिक्षा दी। ऐसे इन खाँसाहब-द्वय की यह अपूर्व सफलता नवनिर्माण के खाते में मांड कर उन्हें बहुत बडे सम्मान का स्थान प्रदान करना होगा।

व्यासपीठ पर बैठकर गानेवाला हर गायक, कहा जाता है कि, नवनिर्माण ही करता है। लेकिन ऐसा गायक नवनिर्माण करता है माने क्या करता है? वह अपने गुरुजनों अथवा अन्य गायकों के कण्ठ से निकली हुई और 'ईंटों' अर्थात् 'स्वरावलियों'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

को स्मृतिबद्ध कर लेता है और स्वयं के गले में उतार लेता है। इस प्रकार अनेक स्वर-समूहों को वह निरंतर एकत्रित करता चलता है जिनमें छोटे-बड़े आकार एवं उच्चारण की ईंटें अपने पास तैयार रखता है। फिर जब वह व्यासपीठ पर बैठता है तो पहले से ही तैयार ईंटों को आवश्यकतानुसार छाँट-तराश कर किसी योजना के अनुसार रखता जाता है। यह सारी ईंटें अधिकांशतया उसकी बनाई हुई नहीं होतीं। उसका काम तो सिर्फ यही होता है कि विभिन्न आकार-प्रकार के इन टुकड़ों को लेकर, जहाँ उचित लगे कुछ काट-छाँटकर, उन्हें जोडते चलना। मतलब ईंटें तो पुरानी ही होती हैं, परंपरागत या दूसरों से ली गई। गायक तो सिर्फ यही देखता है कि उन्हें किस प्रकार रचा जाय, बशर्ते कि उसमें स्वयं का कुछ योजना-कौशल हो। ऐसी कृति को 'नवनिर्मित' की अपेक्षा केवल 'निर्मित' कहने की इच्छा होती है। लेकिन नई गायकी निर्माण करने-वाला कलाकार ये ईंटें तक खुद ही बनाता है। अब तक इस्तेमाल की जानेवाली अधिकांश ईंटों को वह त्याग देता है। और नये आकार, नई घड़ाई, नई सामग्री की अलग-अलग घनत्ववाली, भिन्न भिन्न नादों एवं ध्वनियों से युक्त तथा अलग रंग की, स्वयं के लक्ष्य के अनुरूप ईंटें वह स्वयं बना लेता है। ऐसी कृतियों को 'नवनिर्मित' कहना सार्थ होगा। कुमारजी के बारे में उल्लेखनीय बात है कि यह ईंटें उन्होंने स्वयं बनाईं, अपने मन के मुताबिक स्वयं घडवा लीं और उनका उपयोग भी खुले हाथों किया। मतलब यही कि कुमारजी के नवनिर्माण का क्षेत्र बहुत व्यापक है। उन्होंने नये राग बनाये, नई बंदिशें बांधीं, यही नहीं, नवीन गायकी निर्माण कर दी। दर असल यह क्रम यदि उलट दिया जाये तो अधिक सुसूत्रताबद्ध होगा। क्योंकि उनके नये रागों तथा नई बंदिशों का जन्म, मेरी राय में, उनकी नई गायकी से हुआ है। (नये रागों अथवा नई बंदिशों का जन्म इसी प्रकार होता है सो नहीं कहा जा सकता क्योंकि कुछ ख्यातनाम गायकों के द्वारा बनाये गये नये राग या नई बंदिशों का जन्म उनकी पुरानी गायकी से हुआ है।) इसके अलावा पुराने रागों में भी उन्होंने कुछ रद्दोबदल किये हैं, जिनका विचार आगे चलकर करेंगे। पर इस सबका कुल मिलाकर एक ही अर्थ है। और वह यह है कि कुमारजी की कलात्मक दृष्टि ही अलग है, मान्यता ही नई है।

एक अन्य दृष्टिकोण से भी कुमारजी के कृतित्व का परिशीलन जरूरी है। अब तक के कलाकारों द्वारा बंदिशों के लिये अधिकांश में परंपरागत कविताओं का उपयोग किया गया। अल्लादिया खाँ साहब, फैय्याज़ खाँ साहब, विलायत खाँ साहब आदि ने भी नई कवितायें रचीं पर वे पुस्तक-रूप में उपलब्ध नहीं हैं। पर कुमारजी की बंदिशों की काव्यरचना भी उन्हीं की है।

कुमारजी के द्वारा जो कविता रची गई है वह निश्चय ही काव्य के रूप में नहीं है। यही नहीं, उसे काव्य के रूप में पढ़ा जाये, ऐसी अपेक्षा भी वे नहीं रखते। संगीत के हेतु रची गई कविता का काव्यांश या उसका शब्दार्थ एक आनुषंगिक, बिलकुल गौण हिस्सा होता है। महत्त्व की बात होती है उसकी स्वर-रचना। बंदिश की तारीफ उसकी काव्यात्मकता के लिये, सामान्यतया, नहीं होती, उसकी स्वर-रचना के लिये ही होती

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। और स्वरों की यह रचना सुन्दर दिखाई दे, आकर्षक हो, इसलिये आवश्यक होता है कि उसके शब्दों के स्वर-व्यंजनों की उच्चारणक्षमता भी उसी प्रकार सक्षम तथा प्रभावशाली हो। किस स्वर पर मुकाम है, किस स्वर को कितना खींचना है, किस पर लय के आन्दोलन हैं, किस स्वर पर कितना ज़ोरदार या नाज़ुक आघात करना है इस दृष्टिकोण से उस कविता के शब्दों की अर्थात् स्वर-व्यंजनों की तथा उनके 'अ'कार-'ऊ'कार की रचना बंदिश के लिये जरूरी है। क्योंकि उसका काम मुख्यतया स्वरविलास को गुंजाईश देना है। इसलिये कवि का कवित्व और गायक का कवित्व ये दोनों बिलकुल भिन्न हैं। उसका पारिभाषिक शब्द 'वाग्गेयकार' है। जरा गहराई से देखें या सोचें तो नज़र आ जायेगा कि गायक की कविता का निर्माण काव्यानन्द के लिये नहीं होता। वह सिर्फ संगीत के आनन्द के लिये, संगीत के एक अविभाज्य इकाई के रूप में होता है। हर कला के माध्यम अलग होते हैं और उनके आनन्द-हेतु साध्य करने के मार्ग भी भिन्न होते हैं। इसी दृष्टि से संगीत की कविता 'कविता' नहीं 'बंदिश' कहलाती है।

पर बंदिश के शब्दों को भी अर्थ होता ही है और वह प्रारम्भ में बंदिश पेश करते समय तथा बाद में भी गाते समय भी झाँकता ही है। स्वाभाविक ही प्रश्न उपस्थित होता है कि उसका काम क्या है? इसका उत्तर यह है कि इस शब्दार्थ से एक संगीतोपयोगी भावस्थिति (mood) बने और उसमें से काव्य साकार होने की बजाय गायन की प्रेरणा प्राप्त हो, ऐसी योजना होती है। यह भावस्थिति बीजरूप ही होती है, इसलिये उसे संगीत की भाषा में रक्तिबीज कहें। इस रक्तिबीज से ही पूरी तरह पुष्पित-पल्लवित, सुफलित, संगीत-वृक्ष का विकास होता है। इसी का दूसरा अर्थ है कि एक बार शब्दार्थ इस रक्तिबीज को स्थापित कर दे और अलग हट जाये। संगीत के उभरने के साथ शब्दार्थ पीछे छोड़ दिया जाता है, छोड़ दिया जाना चाहिये। संगीत को चाहिये कि उसे खा जाये और शब्दार्थ को भी चाहिये कि वह खाया जाये। तभी वह संगीत 'संगीत' के रूप में विकसित-विलसित होगा। लिहाजा संगीत के लिये 'बंदिश' बनाना कवि का क्षेत्र है ही नहीं। वह काम गायक का है, मुरब्बी गायक का। उसके शब्दों का अर्थ गौण होता है, जो संगीत के प्रवाह में आसानी से पीछे छूट जाये। उसमें काव्य की दृष्टि से सक्षम तथा प्रभावशाली शब्द काम नहीं देते। अन्यथा वह शब्दार्थ पीछे नहीं रहेगा और गायक का ध्यान अपनी ओर खींचकर उसके संगीत विलास एवं विस्तार में रोड़ा बन जायेगा। संगीत के हेतु शब्दरचना कैसी होनी चाहिये इस सन्दर्भ में पश्चिमी संगीतज्ञ रॉबर्ट शूमन द्वारा किया गया विवेचन बहुत मार्मिक है और हमें भी मार्गदर्शक होगा इसलिये उसमें से एक छोटा सा उद्धरण दे रहा हूँ। गटे के काव्य को रचनाकार जोसेफ क्लीन द्वारा दिये गये संगीत की आलोचना करते हुए शूमन कहता है।—

To speak frankly, it seems to me that the composer has too much respect for his (Goethe's) poem as though he were afraid to hurt it, seizing it, too ardently. So at every time we find rests, hesitations and embarrassments. But the poem should lie like a bride in the minstrel's arms, free happy and entire. Then it sounds like something from heaven, heaven afar.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

[स्पष्ट कहूँ तो मुझे लगता है कि रचयिता को उनकी (गटे की) कविता के लिये अत्यधिक आदर है गोया उसे डर लगता है कि कविता को आवेगपूर्वक जकड़ लेने से वह कहीं आहत तो नहीं हो जायेगी। अतः हर बार हम विश्राम, झिझक तथा संकोच पाते हैं। लेकिन कविता गायक के बाहुपाश में प्रेयसी के भाँति होनी चाहिये—मुक्त, प्रसन्न, तन मन से! तब ऐसा प्रतीत होता है जैसे स्वर्ग से कुछ सुनाई दे रहा है, सुदूर स्वर्ग से!]

इसका मतलब यह कि यह गटे की कविता ही इतनी प्रभावी थी कि उसके कारण संगीतकार बिलकुल दब गया और वहाँ संगीत का विकास हो ही नहीं पाया। खैर!

बिलकुल इसी तरह की भावस्थिति बंदिश के राग से, स्वररचना से अथवा बंदिश से भी निर्माण होती है यह बात गायकों को बताने की आवश्यकता नहीं है। यहाँ मुख्य मुद्दा यह है कि शब्दार्थ से जो भी भावस्थिति व्यक्त होगी वह उसकी स्वररचना से होनेवाली भावस्थिति से एकरूप होनी चाहिये। लेकिन प्रत्यक्ष में ऐसा अनुभव शायद ही होता है। बल्कि इसके ठीक विपरीत स्वररचना की भावस्थिति अलग और शब्दार्थ से व्यक्त होनेवाली भावस्थिति अलग यही अनुभव सामान्यतया होता है। इसका कारण यह है कि सौ दो सौ वर्षों की अवधि में इन पुरानी बंदिशों पर विभिन्न घरानों के, अलग-अलग गायकों के भिन्न-भिन्न प्रकार के संस्कार हुए हैं। फिर बंदिशें इस घराने से उस घराने में जाती आती रहीं। मतलब जब यह प्रवास जारी था तब हर घराने द्वारा मूल बंदिश को परिवर्तित कर उसे अपने घराने के लायक बना ली गईं। प्रत्येक घराने की आलापचारी अलग, लयकारी भिन्न, तथा आघात की जाति और वज़न भी अलग। लिहाजा नये घराने का रंग अपनाते समय बंदिश का कुल स्वरूप भी बदल गया और यदा कदा उसकी स्वररचना भी बदल गई। फिर, कई गायकों ने नई नई स्वररचना की, मोह लेनेवाली धुनें बनाईं। लेकिन उन्हें गूँथने के लिये स्वतंत्र शब्द-रचना के प्रयास करने के बजाय प्रचलित बंदिश के ही शब्द लेकर उन्हें नई स्वररचना में पिरोकर छुट्टी पा लेने का आसान तरीका अधिकांश लोगों ने अपनाया। लिहाजा एक ही बंदिश कभी-कभी अलग रागों में पाई जाती है। फलस्वरूप बंदिश के अर्थ की भावस्थिति तथा स्वररचना की भावस्थिति इन में कोई सामंजस्य नहीं बचा। और शब्दार्थ गायन के स्वर-विलास तथा विस्तार से पीछे छूट जाने के कारण किसी ने महत्त्वपूर्ण नहीं माना।

लेकिन नई नई बंदिशें बनानेवाले को, उनकी स्वररचना शब्दों सहित करनेवाले को, सामान्यतया उपेक्षित इन छोटी-मोटी बातों की ओर भी ध्यान देना पड़ता है। और ऐसा रचनाकार नफासत पसंद हो तो बंदिश की कविता रचते समय उसके शब्दार्थ का भाव उसकी स्वररचना के भाव से एकरूप हो यह सावधानी भी रखता है। प्रस्तुत संग्रह की हर एक बंदिश कुमारजी ने बेहद बारीकी के साथ जाँच-पड़ताल करने के पश्चात् ही इसमें सम्मिलित की है। इनमें से कई बंदिशें लेखक स्वयं सुन चुका है और कुछ तो बार बार सुनी हैं। अतएव यह कहने में कि कुमारजी की बंदिशों की शब्दरचना एवं स्वररचना के रक्तिबीज एकरूप हैं, उसे ऐसा नहीं लगता कि कोई बड़ी साहस की बात है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह किमयागिरी कुमार कैसे कर पाये यह प्रश्न किसी को सूझ सकता है। लेकिन बंदिश बनाने की प्रक्रिया क्या होती है, कम-से-कम कुमारजी के बारे में वह क्या रही है, उसकी कुछ रूपरेखा जान लेना जरूरी है। इस बारे में उनके स्वयं के कथन को मैं महत्त्वपूर्ण मानता हूँ। उनका कहना है कि उन्हें यात्रा करते समय या अन्यत्र कोई दृश्य दिखाई दे जाता है अथवा कोई घटना घट जाती है। वह दृश्य किसी पहाड़ी के निकट दो नदियों का संगम हो, या सड़क के दोनों ओर लगी वसंतऋतु में लाल-लाल फूलों से संपूर्णतया आवृत्त पलाश वृक्षों की कतार हो, या फिर वह घटना किसी काली-मंदिर में चढ़ाई जानेवाली बकरे की बलि हो, या कोई परिचित स्त्री पहचान होते हुए भी उसे नहीं दिखाती, तो वे एकाएक कुछ गुनगुनाने लगते हैं। और इस प्रकार गुन-गुनाते गुनगुनाते उन्हें बंदिश के स्वर एवं शब्द दोनों एक साथ सूझने लगते हैं। स्वर्गीय गोविन्दराव टेंबे जब नाटक के गीतों की धुनें बनाते थे तब उनका अनुभव भी इसीसे मिलता-जुलता रहा है। फर्क महज़ यही है कि वह दृश्य या घटना प्रत्यक्ष नहीं, नाटक की हुआ करती थी। कुल मिलाकर ग्रहण करने लायक मुद्दे की बात यह है कि बंदिश की स्वररचना और शब्दरचना एक साथ ही सूझनी चाहिये, कम-से-कम कुमारजी को सूझी है। इसलिये उनकी स्वररचना के मूड़ तथा शब्दार्थ के मूड़ का मेल ऐसा है कि जान नहीं पड़ता है। संगीत के विशाल कारोबार में जिसका अस्तित्व मिनट डेढ़ मिनट का होता है और जिसे महत्त्वहीन माना गया है उस इकाई की ओर भी कुमारजी कितनी बारीकी से देखते हैं उसी का निर्देशक है यह।

कुमारजी के प्रस्तुत संग्रह के संदर्भ में यही कहना है कि गाने के लिये बंदिश जैसी होनी चाहिये बिलकुल वैसी ही है। और उसमें स्वररचना तथा शब्दार्थ का पूरा सामंजस्य है और संग्रह की बंदिशों की ओर इस दृष्टि से भी देखा जाना चाहिये।

बंदिश के शब्दार्थ का काम किसी एक भावस्थिति अथवा संगीतानुकूल भूमि का निर्माण करना होता है यह कह चुकने पर कुमारजी की बंदिशों के विषय क्या हैं इसका उल्लेख भी आवश्यक है। उनके मुख्य विषय हैं ईश प्रार्थना, भगवान् शंकर की स्तुति (कुमारजी शंकर भगवान् के भक्त हैं) सरस्वतीवन्दना, गुरुमहिमा, संगीत का विवरण, ऋतुवर्णन—विशेषतया वसंतऋतु वर्णन, श्रृंगार, विरहिणी की व्यथा, श्यामसुंदर की बंसी आदि। हर स्थान पर स्वररचना और शब्दार्थ का सामंजस्य स्थापित हो पाया है या नहीं यह हर एक स्वयं ही नोटेशन के सहारे बंदिश गुनगुनाकर तय करे। बानगी की खातिर कुछ उदाहरण प्रस्तुत करना उचित होगा—

स्थाई

देवो दान मोहे
माँगत सुर भीक, दास तेहारो ॥

अंतरा

तोरे बिन ग्यान दे कौन मो सो
नेक नज़र मो पर, आस तिहारो ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ध्यान में रखने लायक एक और बात है कि नई रचनायें करने की बात कुमारजी को सूझी सो सैकड़ों पुरानी परंपरागत बंदिशों के अध्ययन से ही। खानदानी बंदिशों का उनका संग्रह विशाल है, याददाश्त बेहद तथा परिशीलन गहरा। अन्यथा ऐसी रचनायें वे कर ही नहीं सकते थे। शिवस्तुति की उनकी यह रचना देखिये—

स्थाई

शिव शिव कल्याण करी, जप जप जिय नाम शिव
हर हरत दुख सबै, रट रट पुरहर नाम ॥

अंतरा

जप करत सुरगन, महादेव महादेव
शिव करत कल्याण, रट धरो नाम शिव ॥

इसकी शब्दरचना पर गौर कीजिये। एक शब्द के बार बार उपयोग के कारण उच्चारण तो एक समान किन्तु स्वरावली भिन्न होने की वजह से उसकी नाद-मधुरिमा का रंग कुछ अलग ही खिलता है।

पृष्ठ तीन पर बिलासखानी की यह बंदिश है—

स्थाई

नयन में जल भर आये, देखन तोहे
काहे पिया नहीं देत दरस मोहे

अंतरा

शोक[1] मन छाये, याद तरसाये
कैसे धरूँ धीर, देवो दरस मोहे।

विरहिणी को यह आर्त पुकार सुन किसी को भी सहज ही बिलासखानी की याद हो आये तो इसमें आश्चर्य कैसा ?

संगीत की आस तथा सरस्वती की वंदना दोनों का यह सुन्दर मिलन भीमपलासी की इस बंदिश में देखिये, ध्यान में रखने लायक है—

सब सुर साधे जब भयो पार
मिल नरनारी तब कर गान ॥
सुरलय साथ करो दोऊ एक
तरो सुर-सिंधु जब भयो पार ॥
शोक तज आज सुरसती नाम
करो रट नाम करे तन पार ॥

---

१. शोक कुमारजी का तखल्लुस है, केवल बंदिशों में।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुर एवं लय दोनों को एकरूप कर सुरसिन्धु तर जाने की आकांक्षा रखनेवाला यह गायक 'सुरसती'–अर्थात् सरस्वती–का नाम सुमिरने को कहता है। स्वर तथा लय को एकात्म करने की कल्पना तथा सरस्वती का 'सुरसती' जैसा संगीतमय एवं संगीतक्षम रूपान्तर मुरब्बी गायक के अलावा क्या अन्य किसी को सूझ सकता है ?

प्रस्तुत बंदिशों को एक अन्य नज़रिये से देखा जा सकता है। बंदिशें इस घराने से उस घराने का चक्कर निरन्तर लगाया करती हैं। फिर भी कुछ बंदिशों पर किसी खास घराने की ही छाप बहुत स्पष्ट होती है। यही नहीं, कभी कभी तो यहाँ तक लगता है कि कुछ बंदिशें तो, बस, एक खास घराने के लोगों द्वारा ही गाई जानी चाहिये। इस दृष्टि से, अलग-अलग घराने के गायकों को इस संग्रह में ऐसी बंदिशें मिलेंगी कि उन्हें लगेगा कि गोया ये बंदिशें खास 'हमारे लिये ही बनाई गई हैं'। मिसाल के लिये राग कामोद में की गई 'ऐसन कैसन' बंदिश ग्वालियर घराने वालों को अपने घराने की प्रतीत होगी तो किराना गायकों को लगेगा कि बसन्त में निबद्ध 'सपने में मिलती' उन्हीं के लिये है। इसी प्रकार जयपूर गायकों को जँचेगा कि गौरी बसन्त की बंदिश 'आज पेरिले' खास तौर से उनके लिये ही है। मतलब यह कि इस संग्रह में, विभिन्न घराने के गायक 'विशेषकर हमारे लिये ही' की गई अनेक बंदिशें पायेंगे।

पुराने रागों में कुमारजी द्वारा बांधी गई बंदिशों को लेकर मतभेद की संभावना है। और उल्लेख करना होगा कि इनमें मिलनेवाले कतिपय स्वर-प्रयोग विवाद के विषय बनेंगे। उनमें से कुछ मोटी बातों का निर्देश करना उचित होगा।

राग	पृष्ठ		प्रकार	
भीमपलासी	२४	सब सुर साधे	चीज	ध नि॒ ध प
,,	२६	जावा हूं देसा	,,	सा री म ग॒ री सा
,,	२७	दीं तन देरेना	तराणा	ग म प ध नि॒ सा
पूरियाधनाश्री	४३	कहाँ चला हो रे	चीज	मंध मं ग री सा सा
,,		,, ,,	चीज	सा ग री॒ सा
श्री	४४	म्हा संग	चीज	री सा प ग ग रें॒
छायानट	६३	नहीं आना तुम्हें	,,	कोमल नी आवश्यक
बागेश्री	६४	टेसुल बन फुले	,,	म म ग॒ प
,,	,,	,,	,,	ग रे नि॒ सा
,,	६५	पार नहीं हो	,,	ग॒ रे प म
दरबारी कानडा	७३	सुंदर मुख तेरो	,,	ध॒ ध॒ सा

उक्त सारी बातें कुमारजी की प्रयोगशीलता से ही उत्पन्न हुई हैं सो तो सही है ही, पर यह कहना कि उनके पार्श्व में कुछ सैद्धान्तिक भूमिका है, अधिक तर्क-संगत होगा। यह भूमिका इस प्रकार है।

पुराने राग आज सैकड़ों वर्षों से सैकड़ों गायकों द्वारा गाये जा रहे हैं। अतः जिस किसी महाभाग को कोई राग पहले पहल सूझा होगा उसी रूप में वह आज भी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गाया जाता है यह दावा करना बड़े साहस का काम है। उस में कुछ स्वर बिना बुलाये ही प्रविष्ट हो गये होंगे और कुछ चूकर निकल गये होंगे। मुमकिन है कि उन रागों की पूरी शकल ही बदल गई हो। स्पष्ट ही जिन का सारा स्वरूप ही बदल चुका है उनके बारे में कुछ भी करना संभव नहीं होता। पर जिनमें परिवर्तन के बावजूद भी मूल नक्शा कायम है उनके बारे में उस राग की अनेक बंदिशों के सहारे मनन किया जाये तो मूल रचनाकार के मन में क्या था कैसी रचना रही होगी इसका अंदाज़ा किया जा सकता है। मतलब, वह राग आज जैसा है उसके बजाय उस समय जैसा रहा होगा वैसा मन में जमने लगता है। निश्चय ही उन रागों का यह नया स्वरूप उनके वर्तमान प्रचलित स्वरूप से मिलता-जुलता नहीं होगा। यह उस राग की, पुनर्विचार के फलस्वरूप की गई अथवा हो गई पुनर्रचना ही मानी जानी चाहिये।

कुमारजी स्वयं नहीं मानते कि उनके द्वारा किये गये ऐसे परिवर्तन अथवा परिवर्तनों की सैद्धान्तिक भूमिका सभी को मान्य होगी। बल्कि वे तो मानकर चलते हैं कि अधिकांश लोगों को मान्य नहीं होगी। किसी को भूमिका मान्य हो तो भी उसके कारण कुमारजी द्वारा जो परिवर्तन किये गये हैं वे किये जा सकते हैं यह उसे मंजूर नहीं होगा, यह भी कुमारजी जानते हैं। अतएव जो गायक इन रागरूपों को कुमारजी के पाठ के अनुसार गायें वे ध्यान में रक्खें कि वे पाठ कुमारप्रणीत हैं और यदि वैसा अवसर आए तो यह पाठ कुमारप्रणीत है यह निर्देश करें ऐसा सुझाव देना चाहता हूँ। मतलब की बात यह कि पुराने रागों मे किये गये ये रद्दोबदल अविवेकपूर्ण नहीं है, उनके पार्श्व में सैद्धान्तिक भूमिका है यह स्मरण रखना आवश्यक है।

जिस नव निर्माण को लेकर इतना विवेचन किया गया है अब उसकी पृष्ठभूमि को जानने की कोशिश करें। इस हेतु कुमारजी के संगीत की शुरुआत कैसे हुई, उनका प्रवास कैसा रहा, उन्होंने कौन-कौन-सी मंज़िलें पार कीं और वे आज की परिणत अवस्था तक कैसे पहुँचे यह समझने के लिये उनके सांगीतिक जीवन का अवलोकन किया जाये तो वह लाभदायक होगा ऐसी आशा है।

सन् १९३५ से मैं कुमारजी को देखता सुनता चला आ रहा हूँ और आज उन्तीस वर्ष बाद भी उनके प्रथम दर्शन की छाप मेरे मन पर उतनी ही ताज़ी बनी हुई है। उस वर्ष बम्बई के जिन्ना हॉल में सम्पन्न संगीत परिषद् के सूत्रधार थे मेरे मित्र श्री बी० आर० देवधर, स्वर्गीय मोतीराम पै और मैं स्वयं। अध्यक्ष थे संगीत को सर्वस्व समझनेवाले धरमपूर रियासत के तत्कालीन महाराज। स्वागताध्यक्ष थे स्वर्गीय माननीय बैरिस्टर जयकर। परिषद् में अनेक माने हुए गायक-गायिकाओं की महफ़िलें हुईं और मुरब्बी कलाकारों ने अपने-अपने जौहर की हद कर दी। संगीत का इतिहास बनानेवाले महान् गायक, ऐसे कि जिनका पुण्यस्मरण आज भक्तिभाव से किया जाता है, उस परिषद् में मौजूद थे। सारा हॉल खचाखच भरा हुआ था, कहीं खड़े रहने तक की जगह नहीं थी। वह आज का बाज़ार नहीं था, महफ़िल थी। रसिकों की भारी भीड़। गुणों को हाथोहाथ झेल लेनेवालों की सभा थी वह। असीम उत्साह। महाराज साहब

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तथा श्री जयकर की उपस्थिति से उसे एक विशिष्ट प्रतिष्ठा भी प्राप्त हो गयी थी। ऐसी स्थिति में उम्र से बारह किन्तु दीखने में नौ वर्ष का बाल-कुमार स्टेज पर आ बैठा और उसने सभा पर अपनी आवाज़ का सम्मोहन अस्त्र चला दिया। एक क्षण में वह सारी सभा जैसे उसकी पकड़ में आ गई। हर जगह और प्रत्येक हरकत पर दाद दी जा रही थी। सभा का उत्साह जैसे उबला जा रहा था और रसिकता उफन रही थी। गाना थोड़ी ही देर तक चला, लेकिन हर चेहरे पर विस्मय अंकित था। हर उपस्थित रसिक एवं कलाकार में इस लड़के की सराहना करने की लहरें उठ रही थीं, लिहाजा वहाँ पुरस्कारों और सराहना की जैसे झड़ी लग गई। किसीने नकद पैसे दिये, किसीने तमगे तो किसीने और कुछ। कोने कोने से उत्स्फूर्त भेटें चली आ रहीं थीं। देनेवालों में खाँसाहेबान थे, पंडितजी थे, गायिकाएँ थीं। हर एक को यही फिक्र थी कि इस लड़के के असामान्य गुणों की देखभाल और विकास कौन करेगा? लेकिन अबोध कुमार को इस सब का कोई एहसास नहीं था।

मुझे कुमारजी के प्रथम दर्शन जो हुए सो ऐसे। स्पष्ट ही उस समय उनसे मेरी जान-पहचान नहीं थी। पर वे उसके कुछ ही दिनों बाद प्रा० देवधर के पास सीखने के लिये आये। इसके बहुत पहले से श्री देवधर से मेरे मित्रता के सम्बन्ध थे ही। देवधरजी की शागिर्दी तथा कुमारजी के प्रति स्नेह के कारण मैं बराबर उनकी पूछताछ करता रहता था। देवधरजी का कुमार पर प्रेम और कुमारजी के मन में भी देवधरजी के प्रति असीम आदर!

नव निर्माण के लिए व्यक्ति में कुछ विशेष गुण अनिवार्य रूप से आवश्यक होते हैं। स्वतन्त्र तबियत लगती है, स्वतन्त्र प्रज्ञा तथा प्रतिभा आवश्यक होती है और स्वभाव प्रयोगशील। मुख्यतया विद्रोहीपन आवश्यक होता है। कई बार यह सारी बातें होते हुए भी वे अधिक प्रखर न हों तो किसी एक घराने की तालीम का कठोर अनुशासन अंग में समा जाने पर उस घराने के दबाव से वे सब कुचल दी जाती हैं। कलाकार में वैसी शक्ति हो तो ही उसकी स्वतन्त्र प्रवृत्ति इस सब से सही सलामत बची रह पाती है। उदाहरणार्थ, एक अब्दुल करीम खाँ या अल्लादिया खाँ जैसा दुर्दम्य स्वतन्त्र-प्रवृत्ति कलाकार नई गायकी या नई बंदिशें निर्माण कर सकता है। लेकिन कभी कभी ही ऐसा होता है। जहाँ तक घरानों का सम्बन्ध है, उनका अनुशासन, रीतिरिवाज, बर्ताव, स्वतन्त्र सौन्दर्यप्रणाली आदि काफ़ी कुछ बखानने लायक हो फिर भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि घराने के कारण कलाकार कि व्यक्तिगत स्वतन्त्रता पर काफ़ी पाबंदियाँ लग जाती हैं। और कई ख्यातनाम कलाकारों को तब तक अपनी आत्मा एवं सच्ची कला के दर्शन नहीं हुए कि जब तक उन्होंने घराने के परकोटे पार नहीं कर लिये। अंततः कला आत्मा की ही खोज होती है। लेकिन अब तक उसकी प्राप्ति घराने के राजमार्ग पार करने के बाद ही होती थी।

लेकिन कुमारजी का सारा प्रवास इस राजमार्ग से न होकर अलग राहों से ही हुआ। मूलतः स्वतंत्र एवं विद्रोही प्रवृत्ति; प्रज्ञा एवं प्रतिभा भी महान् और स्वभाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निडर। इसके अलावा प्रा० देवधर की तालीम के कारण वे किसी घराने के अनुशासन में फँसे ही नहीं। क्योंकि स्वयं देवधरजी का स्वभाव किसी के अनुशासन में फँसे रहने का नहीं था। इसलिये, विद्रोही प्रवृत्ति के कुमार और स्वतन्त्र प्रवृत्ति के देवधरजी गुरु-शिष्य की यह जोड़ी 'सम समा संयोग' ही था। देवधरजी के पास कुमार उम्र के बारहवें वर्ष से लेकर तेवीसवें वर्ष तक माने कोई ग्यारह वर्ष रहे। लेकिन यह जोड़ी, पुराणपन्थी गुरुजी तथा अंधश्रद्धा रखनेवाला शिष्य—इस प्रकार की नहीं थी।

कुमारजी की छोटी तथा संस्कारक्षम उम्र का तथा देवधरजी के लीक से हटकर विचार तथा व्यासंग का संयोग विशेष फलदायी रहा। यह वह समय था जब देवधरजी के अनेक उद्यम तथा प्रयोग, उनकी संगीतशाला, उनके छात्रों की तालीम, उनकी विदेश-यात्राएँ तथा उनसे उत्पन्न विशाल दृष्टिकोण, प्रो० स्किझी से पाश्चात्य संगीत का अध्ययन, संगीत में सर्वसंग्राहक प्रवृत्ति, विभिन्न घरानों के खानदानी गायकों से अलग-अलग रागों की अलग-अलग बनावट की बंदिशें सीखकर नोटेशनबद्ध कर किया गया संग्रह, हर राग का व्यवस्थित रूप से विवेचन तथा उसकी चर्चा, उनकी सभाएँ एवं भाषण आदि तमाम प्रवृत्तियाँ बड़े जोरों पर थी। देवधरजी का घर या उनकी शाला गायक-वादकों का एक मुकाम ही था। एक भी गायक नहीं था कि जो वहाँ आया-जाया न करता था। और न एक भी गायक गायकी अथवा संगीत का तत्त्व ऐसा था कि जिसकी चर्चा एवं विश्लेषण वहाँ हुआ न हो। अनेक ख्यातनाम गायक चाहे शाला की सहायता की खातिर कहिये, चाहे पं० विष्णु दिगंबरजी की पुण्यतिथि के निमित्त कहिये या किसी बड़े आदमी से मिलने के हेतु से कह लीजिये, वहाँ आये बगैर अथवा गये बगैर शायद ही कभी रहे हो। संगीतविषयक इतनी उठापटक वहाँ चला करती थी। महफ़िल जीतनेवाले कलाकार के रूप में यश प्राप्त करने की कोशिश में देवधरजी कभी नहीं रहे। लेकिन अध्ययनशील तथा संग्रहात्मक प्रवृत्ति और तफ़सीलवार चर्चा-विश्लेषण का अपार धन देवधरजी के पास था। विभिन्न घराने, उनके ख्यातनाम गायक, उनकी अलग-अलग गायकी, देवधरजी की सूक्ष्म दृष्टि से बची नहीं थीं। उनके सब गुणों की तथा सब दोषों की चर्चा वहाँ खूब होती थी। देवधरजी के जीवन में जो कुछ भी होता था कुमारजी भी वही होते ही थे। महत्त्वाकांक्षी स्वभाव, संवेदनशील मन, किसी भी आड़ी-टेढ़ी राह पर चल पड़ने का साहस तथा संगीत के सम्बन्ध में अलग-अलग चर्चाएँ तथा विश्लेषणों का नित्य श्रवण आदि के संयोग का कुमारजी के मन पर उनकी किशोर तथा तरुण अवस्था में, कितना गहरा असर हुआ होगा इसकी मात्र कल्पना ही की जा सकती है। फलाँ गायक में फलाँ दोष है यह जान पड़ने पर कुमारजी मन-ही-मन निश्चय करते कि मेरे गायन में यह दोष नहीं आ पायेगा। फलाँ फलाँ बात बहुत ही अच्छी है किन्तु उतनी ही कठिन भी, यह तय पाये जाने पर कुमार जी मन-ही-मन प्रतिज्ञा करते कि मैं उसे कर दिखाऊँगा। गाना इस ढंग का होना चाहिये इस आशय की चर्चा हुई नहीं कि कुमार-जी ठान लेते थे, चाहे कुछ भी हो मैं उसी प्रकार गाऊँगा ही। हर किसी के गायन में देवधरजी कुछ-न-कुछ खामी बतलाते और परिणाम-स्वरूप कुमारजी ने प्रतिज्ञा की कि मैं इनमें से किसी की भी तरह नहीं गाऊँगा और न किसी की नक़ल करूँगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लेकिन जिस मंज़िल का वर्णन अभी किया गया है-वह कुमारजी के प्रवास की दूसरी मंज़िल थी। उसके पहले की मंज़िल अर्थात् प्रवास की शुरुआत की मंज़िल कौन सी थी यह देख लेना भी जरूरी है। कुमारजी के पिताश्री स्वर्गीय सिद्रामप्पा, खाँसाहब अब्दुल करीम खाँ को बहुत चाहते थे। उसी प्रकार वे सुप्रसिद्ध पंचाक्षरी बुआ के मित्र थे और खुद भी गाते थे, तथा किसी किसी को सिखाते भी थे। मतलब कुमारजी के घर में उनके जन्म से ही संगीत का वातावरण था और इसलिये तभी से उन पर संगीत के संस्कार होने लगे। अनजाने ही सुनने की उनकी प्रक्रिया निरंतर जारी थी। लेकिन उन्होंने कभी मुँह नहीं खोला था। घरभर में किसी को जरा भी सन्देह तक नहीं था कि इस लड़के के मन पर कुछ संस्कार हो रहे हैं या जम रहे हैं। और ऐसी स्थिति में एक दिन उम्र के छठवें वर्ष में जैसे गीली ज़मीन को फाड़कर अंकुर बाहर आ जावे, कुमारजी एकदम गाने लगे। उस गायन से सबको इतना अधिक अचरज हुआ कि कहा नहीं जा सकता। और बाद में कुमारजी जैसे जैसे गाने लगे, वैसे वैसे उनके पिताजी ने गाना छोड़ दिया। कुमारजी के गाने की पहली मंज़िल या वास्तविक आरंभ कुछ इस प्रकार का था।

स्पष्ट ही यह सारा गायन अनुकरणात्मक स्वरूप का था। और देवधरजी के यहाँ आने के पूर्व तथा बाद में भी कुछ वर्षों तक वैसा ही रहा। अनुकरण की उनकी शुरुआत हुई बझेबुआ की एक ग्रामोफोन रेकार्ड से। पिताजी तथा परिवार के अन्य सदस्यों को कुमारजी के छठवें वर्ष में अचरज का जो एक धक्का-सा लगा था सो इसी रेकार्ड की उनके द्वारा हूबहू नक़ल उतारे जाने से। बाद में उन्होंने अन्य नामवर गायकों की नक़ल भी की। और हरएक की नक़ल वे इतनी हूबहू उतारते थे कि लगता था कि वह नक़ल 'नक़ल' नहीं 'असल' ही है। खाँसाहब फैयाज़ खाँ, बझे बुआ, पंडित ओंकारनाथ, सवाई गंधर्व, आदि ने स्वयं के गाने की नक़ल सुनकर कुमार को आशीर्वाद दिये हैं। खाँसाहब अब्दुल करीम खाँ तथा रामभाऊ सवाई गंधर्व इन दोनों की नक़ल एक के बाद एक उतार कर इन गुरु-शिष्य का भेद वे स्पष्ट कर दिखाते थे। एक बार देवधरजी ने केसरबाई के समक्ष कुमारजी की तारीफ़ की। उस समय केसरबाई को लगा कि वे कुछ यूँ ही कह रहे हैं। कुमारजी को गुस्सा आ गया और उन्होंने केसरबाई की 'सुख कर आये' की नक़ल उतारकर उन्हें स्तिमित कर दिया। इसी प्रकार इलाहाबाद में फैयाज़ खाँ स्वयं की नक़ल कुमारजी द्वारा सुनकर स्तिमित हो गये थे। एक बार सावंतवाडीकर महाराज ने कुमारजी की क्षमता के प्रति अविश्वास प्रकट किया और कहा—मैं एक रेकार्ड सुनवाता हूँ वैसा गाकर दिखाओ। उन्होंने जो रेकार्ड चुनी थी वह थी रहिमत खाँसाहब की। उसे सुनते ही कुमारजी ने तत्काल वैसा ही गा सुनाया। और मैंने जिन्ना हाल के जिस कार्यक्रम में कुमारजी को पहली बार सुना उसमें खाँसाहब अब्दुल करीम खाँ की 'जमुना के तीर' रेकार्ड की सही सही नक़ल उन्होंने पेश की थी।

कुमारजी जो नक़लें उतारते थे उसके बारे में उल्लेखनीय विशेषता यह है कि वे जिस गायक की नक़ल उतारते थे उसकी गायकी ही वे गाया करते थे। सुर लगाने का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तरीका, आलाप का ढंग, तान-पलटों की जाति, लय के न्यास, बोलतानों का तरीका सब कुछ उसीका होता था, मानों उस कलाकार की ही कला वे पेश करते थे। उस में नक़ल में निहित उपहास अथवा शरारत लेशमात्र भी नहीं होती थी। उन गायकों के प्रति उनके मन में श्रद्धा थी और श्रद्धा से ही यह अनुकरण उपजा करता था। वह उस प्रत्येक कलाकार की तीन मिनट की रेकार्ड नहीं होती थी, दर असल वह उस कलाकार की सम्पूर्ण गायकी ही हुआ करती थी।

लेकिन इस सब के बावजूद उस समय उन्हें गायन की 'समझ' नहीं थी। कोई भी कह देता कि फलाँ फलाँ की नक़ल उतारो और कुमारजी शुरुआत कर देते। सुननेवालों को यह सब एक चमत्कार ही लगता था। पर वैसा क्यों लगता है यह अचरज कुमारजी को होता था। यद्यपि उनका गाना ढंग से तथा राग नियमों के अनुसार ही होता था फिर भी अबोध कुमार को इस बात की जरा भी जानकारी नहीं थी कि राग नाम की कोई चीज होती है जिसके कुछ वादी-संवादी होते हैं तो कुछ स्वर वर्ज्यावर्ज्य। कुछ नियम कुछ कायदे भी होते हैं इसकी उन्हें खबर तक नहीं थी।

बाद में देवधरजीकी तालीम तथा सहवास के कारण यह सब बदलता चला गया और ज्यों ज्यों समझ आने लगी त्यों त्यों कुछ संदेह सताने लगे। अब गाते समय भय एवं संकोच का कुछ दबाव महसूस होने लगा। स्वर ठीक लग रहा है या नहीं, राग ठीक से पेश कर रहा हूँ या नहीं, आदि की फिक्र सताने लगी। देवधरजी की चर्चाएँ सुनकर मन-ही-मन प्रतिज्ञा तो कर बैठे थे कि न तो किसीकी तरह गाऊँगा न अब तमाम उम्र किसी की नक़ल उतारूँगा और इधर हालत यह कि स्वर ठीक लग रहा है या नहीं। संदेह और असमंजस की इस अवस्था में कई बार मन की व्यथा तीव्र हो जाती और एक बार तो यह व्यथा कुछ इस कदर नुकीली हो गई कि निराशा, विफलता, निरुत्साह तथा स्वयं को पराभूत अनुभव करने पर रास्ता चलते चलते ही (पावेल कंपनी के वहाँ) कुमारजी रो पडे। १९४१ की एक शाम की उक्त हकीकत कुमारजी अपने जीवन की एक महत्त्वपूर्ण घटना मानते हैं। लेखक की दृष्टि में यह एक अपरिहार्य मंज़िल है, जिससे कोई भी बच नहीं पाया है। अन्य जन्मों के गुण लेकर ही दुनिया में प्रवेश करनेवाले कुमारजी जैसे कलाकार स्वयं को इससे बचा कर निकल नहीं पाये तो औरों की बात ही क्या?

इस अवस्था में कुमारजी ने १९४१ से १९४७ तक कोई छह साल गुजारे। यों इस अर्से में भी उनके संगीत कार्यक्रमों और महफ़िलों का सिलसिला बराबर जारी था, सुननेवाले भरपूर दाद देते थे, उनकी कीर्ति बढ़ती जा रही थी, पैसा भी आ ही रहा था। लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही थी पर अन्तर की चिन्ता भी जला ही रही थी। किसी अन्य की तरह न गाने का निश्चय और इधर नया कुछ बनता नहीं इस गत्यवरोध की मनोदशा में घूमते फिरते वे देवास जा पहुँचे। अपने गायक मित्र श्री कृष्णराव मुजुमदार के यहाँ वे ठहरे और 'मैं गाना सुनाने के लिये खास तौर से आप यहाँ आया हूँ' यह बात मुजुमदारजी से कहने योग्य उल्लास वे अवश्य महसूस कर रहे थे। लगातार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दस दिनों तक सुबह शाम दोपहर-रात निरन्तर गाना चलता रहा। और वहाँ एक रात भीमपलासी कुछ ऐसा जमा कि कुमारजी को स्वयं एकदम साक्षात्कार हुआ—'मुझे गाना आ गया'। छह वर्षों की निराशा और अंधकार के पश्चात् यह दिव्य प्रकाश। उनके सारे जीवन में आनन्द फैल गया। अब निराशा नहीं, अंधियारा नहीं, अब सिर्फ आनन्द है, प्रकाश है। यह गवाही उन्हें उक्त गाने से मिली। उस याद को सुनाते समय कुमारजी कहते हैं कि "उस रात मैं और मुजुमदार भोर के चार बजे तक उसी उल्लास में बाते करते रहे।"

इसी समय उनका विवाह कुमारी भानुमती कंस से सम्पन्न हुआ। भानुमतीजी ठान कर आई थीं कि गाना तो कुमारजी से ही सीखेंगी। गाना सीखते प्रेम हो गया और जल्दी ही उनकी शादी भी हो गई। स्वाभाविक ही उस आनन्द और उल्लास में ज्वार आ गया। भानुमती स्वयं एक अच्छी गायिका थीं, पढी-लिखी थीं। एम० ए० की परीक्षा पास की थी तथा डॉक्टरेट करने का भी इरादा था।

लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। ऐन जवानी, गाना आ गया यह साक्षात्कार तथा खर्ज के साथ अपने आप गूँज उठनेवाले गंधार की भाँति संगीत में भी साथ देनेवाली सुशील, सुशिक्षित कर्तृत्वसंपन्न सहचारिणी की उपलब्धि, पर महफ़िल जम ही रही थी कि तानपूरे का तार अचानक टूट गया—कुमारजी पर तपेदिक ने आक्रमण कर दिया। स्वास्थ्यसंवर्धन हेतु कुमारजी बम्बई छोड़कर देवास चले गये तथा वहीं बस गये। लेकिन पाँच साल माने १९४७ से १९५२ तक वे लगभग बिस्तर पर ही थे।

यह बीमारी माने बिलकुल जान पर ही आ बनती है। लेकिन कुमारजी की इच्छाशक्ति इससे भी बढ़कर थी। पाँच साल तक निष्क्रिय अवस्था में जब वे बिस्तर पर पड़े थे तब भी 'अब मुझे गाना आ गया है' यह उल्लास था ही और कुमारजी कहते हैं कि उस आनन्द तथा प्रकाश के कारण ही उस बीमारी को वे सह सके। डॉक्टर का आदेश था कि पाँच साल तक तानपूरा लेकर गायें नहीं। और कुमारजी ने इस आदेश का अक्षरशः पालन किया। शायद इसीलिये उनका मन अधिक चिन्तनशील हो गया। भानुमतीजी देवास गर्ल्स स्कूल में अध्यापिका नियुक्त हो गई थीं और जब वे स्कूल जातीं तो कुमारजी घर में बिलकुल ही एकाकी रह जाते। मन इतना व्यग्र होने पर यह एकाकीपन तो भीषण हो जाता। लेकिन 'गाना आ जाने' का जो आनन्द मन में बस गया था वह उन्हें इस अवस्था में भी प्रकाश की किरण दिखाता रहा और इसीलिये इस बीमारी का भी उन्होंने इस्तेमाल कर लिया। यही नहीं, बल्कि इसी वजह से वे संगीत में गहरे पैठ कर उसकी थाह ले सके और अन्यथा प्राणलेवा सिद्ध होने वाली यह व्याधि संगीत के लिये उपकारक बनी। यह कहानी इस प्रकार है।

चौबीसों घंटे बिस्तर में पड़े पड़े गुज़ारने पड़ते थे सो उनका ध्यान आसपास से उठनेवाले ग्रामवासियों के लोकगीतों के स्वरों की ओर खींच गया। वे उन लोकगीतों की ओर विशेषतया लोकधुनों की ओर अधिकाधिक आकर्षित होते गये और इसी में से एक नये विश्व का दर्शन उन्हें प्राप्त हुआ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कान पर पड़नेवाला हर लोकगीत वे बहुत ध्यान से सुनते, मन-ही-मन उसे संजोकर रखते और पड़े-पड़े, शरीर को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो इसका पूरा ध्यान रखकर, मन-ही-मन गुनगुनाकर उस पर निरन्तर चिन्तन करते। न जाने देवास की जमीन में कैसा जादू है। कुछ वर्ष पूर्व जब मैं वहाँ गया था तब मुझे भी वहाँ की मिट्टी में संगीत की सुगन्ध प्रतीत हुई थी। और यह भूमि ही हमारे कोल्हापूर, मिरज, सांगली के इलाकों के समान खास संगीत की है यह अनुभूति मन-ही-मन हुई थी।

लोकगीत हमारे राग संगीत का आधारभूत तत्त्व है। विभिन्न लोक संगीतों की विभिन्न धुनों में से ही नये नये राग जन्म पाते हैं। 'आहिरी', 'मालवी', 'भटियारी', 'मुलतानी', सोरठ', 'बिहारी' आदि रागरूप उन विभिन्न क्षेत्रों माने आहिरी, मालवा, बंगाल, सिन्ध, पंजाब, सौराष्ट्र, बिहार आदि प्रदेशों के मूल लोकगीत ही हैं। निश्चय ही इनके रागरूपों का निर्माण गायकों ने मूर्च्छना, वादी-संवादी तथा वर्ज्यावर्ज्य आदि सिद्धान्तों के अनुसार किया। लेकिन यह सब बाद में हुआ जब संगीत का विकास होने लगा तब। लेकिन रागों का जन्मस्थान अथवा बीज इन लोकगीतों में ही मिलता है। हिन्दुस्तान की विभिन्न सांस्कृतिक इकाइयों के लोकगीत माने राग रूपों की खान है। लेकिन आश्चर्य की बात है कि जहाँ से गायकी आगे बढ़ी उस ओर मुड़कर देखने की बात सिवाय कुमारजी के अन्य गायकों को नहीं सूझी। लोकगीतों के साहित्यिक अर्थ की ओर कई लोगों का ध्यान गया तथा अनेक भाषाओं के कई अभ्यासकों ने गाँव गाँव जा कर उन्हें एकत्रित किया तथा संग्रह भी प्रकाशित किये, इसी प्रकार अपनी पीएच्० डी० की खातिर बड़े बड़े प्रबन्ध भी लिखे। यह सब इन गीतों के साहित्यिक अर्थ के सिलसिले में हुआ। किन्तु जिन पात्रों में अर्थात् स्वरावलियों में यह अर्थ संचित था उनका अध्ययन नहीं हुआ। इन लोकगीतों की सारी धुनें सुनकर, उनके गीतों सहित एकत्रित कर गुनगुनाकर नोटेशन बनाकर, लिखकर उनके रागरूपों की दृष्टि से उनका अध्ययन सामान्यतया कोई नहीं करता। बीमारी के फलस्वरूप कुमारजी का ध्यान इस गंगोत्री की ओर गया और उनकी संगीतिकता को एक अन्य अंकुर प्रस्फुटित हुआ। वह शक्तिशाली अंकुर ही आगे चलकर विकसित हुआ तथा परिणाम-स्वरूप कुमारजी का संगीत उद्यान ही खिल गया। उसमें उन्हें नये राग मिले, नई बंदिशों की प्रेरणाएँ मिली तथा उनका संगीतमय जीवन भी गहगहा उठा, समृद्ध बना।

विभिन्न एवं कभी कभी असुविधा-जनक अनुभवों को सहकर भी कुमारजी ने लोकगीतों का, उनके स्वरों एवं शब्दों सहित काफ़ी बड़ा संग्रह किया है। [इस कार्य में उन्हें भानुमतीजी का, जिनका अक्टूबर १९६१ में, अत्यंत अप्रत्याशित, असामयिक निधन हो गया, अपरिमित सहयोग रहा।] इस संग्रह में कोई दो ढाई सौ गीत हैं। जब कभी यह संग्रह प्रकाशित होगा तब अध्ययनशील संगीतज्ञों को वही प्रसन्नता होगी जो किसी को गड़ा खजाना मिलने पर होती है।

अब सहज ही प्रश्न उठता है कि यदि सिर्फ मालवे में और देवास के पास पड़ौस में ही इतनी धुनें और गीत मिले तो क्या अन्य क्षेत्रों में इनके अलावा और इनसे भिन्न ढाँचे,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलग ढंग तथा लय की धुनें नहीं मिलेंगी ? पर इन्हें रेकार्ड कौन करेगा ? इनका महत्त्व किसे समझायें और सुननेवाला भी है कौन ? राज्यों में संगीत अकादमियाँ कायम हो चुकी हैं। उन्हें तो यह कार्य हाथ में लेना चाहिये न ? लेकिन इसके कोई लक्षण अभी नज़र नहीं आते। और महाराष्ट्र में तो अभी अकादमी ही कायम होनी है।

कुमारजी को इन लोकगीतों के अन्वेषण के फलस्वरूप नये रागरूप मिले। लोक-गीत सामान्यतया सम्पूर्ण सप्तक के नहीं होते। लेकिन आधे-सप्तक, पाव-सप्तक की जो भी धुनें मिल जायें उसे लेकर पर्याप्त चिन्तन किया जाये तो शेष स्वर कैसे जोड़े जायें यह अपने आप सूझने लगता है। उनमें रंजकता आ पाई है या नहीं, रागत्व है अथवा नहीं, महफ़िल में उन्हें पेश करने की पात्रता उनमें स्वभावतः है या नहीं आदि बातें तो बाद की हैं। महफ़िल की कसौटी पर रगड़े जाने पर उनके वादी-संवादी, वर्ज्यावर्ज्य तथा कायदे अपने आप सुलझने लगते हैं।

यह थी कुमारजी के नये रागों की जन्म कहानी की रूपरेखा। ये राग जानबूझकर बनाये नहीं गये, वे अपने आप बन गये। वे उत्स्फूर्त हैं, स्वयंविकसित हैं। प्रकृति का साहचर्य, असाधारण संगीतिकता तथा प्रयोगशील मानस इन तीनों के संयोग से उद्भूत हैं यह सारे राग। पर साथ-ही-साथ पुराने रागों का चिन्तन-मनन भी जारी ही था। इस का परिणाम दस-बारह मिश्र राग तथा नयेपुराने रागों में बांधी गई बंदिशें हैं।

बहरहाल, हम कुमारजी की गायकी के विकास की मंज़िलें देख रहे थे। उस दृष्टि से और एक-दो मंज़िलें उल्लेखनीय हैं। नई बंदिशों तथा रागों के निर्माण का कार्य पिछले बारह-चौदह वर्षों से (लगभग १९५० से) निरन्तर जारी था, तब भी उनकी विकासशील गायकी निश्चेष्ट नहीं थी। वह भी आगे बढ़ रही थी। इस विकास की एक और मंज़िल माने गायकी की कल्पना का ही विस्तार था। कुमारजी के संगीतिक जीवन में, मेरे ख्याल से, एक कालखण्ड ऐसा भी रहा कि जब वे मानते थे कि सुननेवालों की आँखों में आँसू न भर आयें तो वह गाना है ही नहीं। यह स्थिति १९५३-५४ के आसपास थी। उस समय कुमारजी की उम्र २९-३० ही थी। ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय तक उनकी सारी कोशिशें इसी दिशा में थी। पाँच दस गायक-सुननेवालों की महफ़िल में उनके इस प्रयोग को सफल होते प्रस्तुत लेखक अनेक बार देख चुका है। क्योंकि आँखें भर आनेवाले श्रोताओं में वह स्वयं भी हाजिर था और उसकी भावनाएँ भी उद्वेलित हो उठी थीं। ऐसी अविस्मरणीय स्मृतियाँ कई हैं। इस प्रकार महफ़िल जबतक जारी रहती थी, एक उन्मन अवस्था निर्माण करनेवाले अनुभव के रूप में, उसे मन में संजोये रखने तक तो बात ठीक थी। किन्तु उसके तुरन्त पश्चात् एक सवाल उठाता था कि सारा संगीत अथवा किसी की सम्पूर्ण स्वरधारणा एवं रचना क्या एकमात्र इसी हेतु से प्रेरित हो ? एक प्रकार की ही भाववृत्ति जागृत हो अथवा की जाये ? क्या संगीत अथवा गायक स्वयं के लिये इतना संकुचित दायरा खींच ले ? यदि ऐसा हो तो यह जो कहा जाता है कि अलग-अलग रागों की भाववृत्ति भिन्न होती है, उस को क्या माना जाये ? फिर जो राग इस मनोदशा के पोषक न हों क्या उन्हें छोड़ ही दिया जाये ? क्या इस बांध को भी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फोड़कर गायक को बाहर न आना चाहिये ? इस प्रकार के अनेक विचार मन में उठते थे। पर बाद में कुमारजी स्वयं ही इस बन्धन से मुक्त हो गये और गायकी की अपनी मान्यताओं को भी उन्होंने विस्तृत किया।

अब उनकी अन्तिम मंज़िल का ही विवरण शेष है। कुमारजी का गाना मैं उनके बचपन से सुनता चला आ रहा हूँ। उस दृष्टि से अभी-अभी तक एक बात हमेशा मन में खटकती चली आ रही थी। और वह भी उनकी रचना का स्वैर भाव। या यों कहें—किसी भी विशिष्ट रीति प्रणाली या अनुशासन का सामान्यतया अभाव। कलाकार एक हद तक विद्रोही होता है या होना चाहिये, यह सब सही है। लेकिन इस विद्रोह में पुरानी बातों के त्याग के साथ ही कतिपय नई बातों का स्वीकार भी अनुस्यूत होता है। शुरू शुरू में इन नई बातों को भी, केवल वे नई हैं इसीलिये सुननेवालों से दाद मिलती है। लेकिन उतने से ही बात नहीं बनती। क्यों कि इन बातों की स्वीकृति से भी एकात्म एक-रस आकृति निर्माण हो यह भी आवश्यक होता है। और इसके लिये रचना में एक क्रम, एक तरीका, कुछ अनुशासन भी जरूरी होता है। अलग-अलग गध, आकार तथा कमोबेश नज़ाकत के फूल महज एकत्रित कर उनका ढेर बना देना एक बात है और उनसे एक खास ढंग का एकात्म गुलदस्ता बनाना एक बिलकुल अलग बात है। फूलों के ढेर की भी एक किस्म की शक्ल होती है, रंग-संगति एवं गन्ध होनी है। लेकिन उसमें वह सुन्दरता और शोभा नहीं होती जो खिले हुए पुष्पों के एक गुलदस्ते में पाई जाती है। नये का सुनना एक एक फूल को अलग-अलग सूंघ कर उसीका आस्वाद लेने जैसा होता है। पर समूचा सुनने की सिफ़त पैदा तभी होती है जब सुननेवाला भी अनुभवी हो। यह सारी बातें स्पष्ट ही आदी रसिक या गायक श्रोताओं की महफ़िलों से ही गायक को साध्य होती है। किसी राजमार्ग से जाकर भी, माने किसी घराने की खास तालीम लेने पर भी वह साध्य होती है और फिर उनका विकास भी होता जाता है। पर कुमारजी का सारा प्रवास इस कुटे-पिटे मार्ग से न होने के कारण यह महफ़िलों के अनुभवों का ही संचय जैसे जैसे जमा होता गया वैसे वैसे उनके मन में जो आकार योजना थी उसका भी विकास होता गया। इसके पहले भी उनके प्रवास का यह विकास आहिस्ता आहिस्ता जारी था ही। किन्तु आकार तत्त्व की अनुभूति उन्हें १९५७ के अन्त में हुई होगी, ऐसी मेरी मान्यता है। तब तक यद्यपि मैं उनके अनेक विलोभनीय गुणों से आकृष्ट हो चुका था फिर भी मन-ही-मन उनकी गायकी का आलोचक ही था। लेकिन सत्तावन के दिसंबर में उनकी पूना की एक महफ़िल से मेरा काफ़ी मतपरिवर्तन हो गया। बगल में ही बैठे प्रा० मंगरूलकर से मैंने पूछा : 'आज तक हमलोग जैसी आलोचना करते थे क्या वैसी अब करेंगे ?' और उन्होंने भी 'नहीं' कहकर इस मत का समर्थन किया था सो मुझे याद है। इसी सन्दर्भ में पूना का ही इसके पहले का एक संस्मरण सुनाने योग्य लगता है। उस समय कुमारजी के गाने के समय मेरे बगल में बैठे हुए एक बुजुर्ग कलाकार मेरे कान में फुसफुसाकर बोले : 'यह सब तो ठीक है, लेकिन वामनरावजी, कुमारजी किस घराने के हैं ?' उनके मन की बात मैं समझ गया। वे सुझाना चाहते थे कि कुमारजी की गायकी में उस समय तक एकात्म आकार दिखाई नहीं पड़ता था। मुझे की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बात यह है कि कुमारजी की गायकी में यह एकात्म आकार स्वयं मुझे उनकी उम्र के तेहतीसवें वर्ष से प्रतीत होने लगा। इस सिलसिले में कुमारजी का स्पष्टीकरण यह है— हर महफ़िल में मैं कोई नया प्रयोग करने की कोशिश में रहता हूँ और इसीलिये आपको वैसा लगता होगा। इसका अर्थ आज भी वे विकासशील है यही लगाया जा सकता है। आकृतितत्त्व का संवर्द्धन उनके द्वारा और अधिक तथा सतत जारी रहे यही सब की कामना होगी।

कुमारजी ने नई गायकी का भी निर्माण किया है यह इसके पहले भी बताया जा चुका है। और प्रस्तुत संग्रह भी उनके नव निर्माण का ही फल है। 'गायकी' स्वर लेखांकित हो ही नहीं सकती। लिहाजा इस पुस्तक के माध्यम से भी वह समझ में आनेवाली नहीं है। फिर कुमारजी की रचनाओं के बारे में सोचते समय उनकी गायकी का विशेष सन्दर्भ ध्यान में रक्खें बगैर उनका राज भी समझ में नहीं आयेगा अतएव उनकी गायकी का कुछ विवेचन आवश्यक है। और तब, कुमारजी ने नई गायकी का निर्माण किया माने क्या किया? यह नई गायकी के सब पुराने प्रकारों से कहाँ और कैसे भिन्न है? गायकों तथा श्रोताओं द्वारा उसका स्वागत किस प्रकार किया है? इसके बारे में घरानेदार गायकों की प्रतिक्रियाएँ क्या रही हैं? आदि प्रश्न इस संदर्भ में अनायास ही उत्पन्न होते हैं।

कोई भी नई बात निर्माण होती है तो वह पुरानी बातों का सिलसिला लेकर ही बनती है। नई बात, मानों जमीन से कोई सम्बन्ध ही न हो इस प्रकार समूची की समूची, आसमान से नहीं टपक पड़ती। कुमारजी भी 'नये कुछ' के पीछे कितने भी क्यों न रहें हो, पर फिर भी उन्होंने पुरानी बातों से अपना रिश्ता बिलकुल ही तोड़ लिया हो ऐसी बात नहीं है। यही नहीं, बहुश्रुत श्रोता को ये सिलसिले धुंधले ही क्यों न हों, पर नज़र आ जाते हैं। कह सकते हैं कि स्वयं लेखक की पीढ़ी, यानि जो आज उम्र के पचास-पचपन वर्ष पार कर चुके हैं उनकी पीढ़ी, इस माने में बहुश्रुत है। क्योंकि उसने अपने जीवन में पिछली आधी सदी के इतिहास का निर्माण करनेवाले महान कलाकारों को जिनमें अल्लादिया खाँ, रहिमत खाँ, फैयाज़ खाँ, अब्दुल करीम खाँ, मंजी खाँ आदि खाँ-साहब तथा बालकृष्णबुआ इचलकरंजीकर, भास्करबुआ बखले, वझेबुआ, सवाई गंधर्व आदि प्रमुख बुआसाहब हैं, को सुना है। इनमें से कइयों को कुमारजी ने अपने बचपन में सुना है और शेष के बारिसों को वे सुनते चले आ रहे हैं। इन सब के संस्कार कुमारजी की गायकी में कमोबेश दिखाई पड़ते हैं। यह पहले ही बताया जा चुका है कि बचपन में कुमारजी उक्त महानुभावों में से अधिकांशों की सही सही नक़ल उतारा करते थे। बाद में उन्होंने नक़ल उतारना छोड़ दिया। फिर भी बचपन के ये संस्कार कायम रह गये। और ये जो संस्कार उनके मन में बस गये सो गायकी के उन विभिन्न प्रकारों के मर्मों को आत्मसात् कर लेने के कारण ही बसे। फिर देवधरजी की चर्चा रोजाना सुनाई देती थी जिसमें फलाँ फलाँ की अच्छाई यह है इस आशय के भी उल्लेख होते ही थे। हर घराने की गायकी में देवधरजी को रुचनेवाला अंश काफ़ी था तथा स्वयं को जँचनेवाले अंशों को वे विशद कर समझाया भी करते थे। इस प्रकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गायकी के इन विभिन्न प्रकारों तथा गायकों की व्यक्तिगत कला के सारतत्त्व क्या हैं, किसमें समाये हैं, यह सारी बातें अनायास ही कुमारजी जान गये। अतएव कुमारजी की गायकी में प्रत्येक गायकी का 'सारांश' अपने आप गुथ गया। और आज कुमारजी का गाना सुनते समय मेरी पीढ़ी के श्रोताओं को स्थान स्थान पर यह पुराने नाते रिश्ते, धुंधले ही क्यों न हों, दिखाई दे जाते हैं। कुमारजी को सुनते समय विभिन्न अवसरों तथा जगहों पर स्वयं मुझे मंजी खाँ, फैयाज़ खाँ, रहिमत खाँ की याद आ चुकी है। ग्वालियर गायकी का सौम्य ढंग, जयपूर गायकी की लय का लास्य और तानों तथा फिक्रों की पहेलियाँ बुझाने तथा सुलझाने वाली रचना, आगरा गायकी की सम पर आवेशपूर्ण आमद, किराना के किस्म की भले ही न हो पर उसीकी के दर्जे की स्वर की सचाई और उसी की तरह हर स्वर के साथ उसके दायरे में आनेवाले कणों की सूक्ष्म हरकतें आदि विशेषतायें नजर आ ही जाती हैं। लेकिन इस सब के बावजूद उनकी गायकी के चेहरे पर किसी एक निश्चित घराने या गायकी की छाप नहीं दिखाई देती, न किसी पहले के संगीतज्ञ का सील-सिक्का नजर आता है। बहुत बारीकी के साथ देखें तो उसमें जयपूर गायकी की गन्ध कुछ अधिक आयेगी। लेकिन केवल गन्ध। इस प्रकार पिछली पीढ़ी के सब गायक और विभिन्न प्रणालियों के घरानों का सिलसिला यहाँ टूट गया है।

इस की वजह यह है कि इन सब के निचोड़ को लेकर कुमारजी ने कुछ ऐसा एकात्म ढाँचा बनाया है कि वह खास उन्हींका माना जायेगा। कई प्रकार की गायकी और कई घरानों को उन्होंने एक साँचे में ढालकर उनको एकरस बना लिया है। उसमें से अधिकांश अशुद्धतायें निकाल डाली हैं और उसे नये आकार, नई कल्पनायें, नये हेतु और प्रयोजनों से सजाया है। इसलिये उनकी गायकी में एक प्रकार की ताज़गी है, वह खिली-खिली-सी लगती है। उसका नखरा एकदम आधुनिक है और नज़ाकत पागल बना देनेवाली।

गायकी के विभिन्न प्रकारों की विशिष्टताओं को आत्मसात् कर कुमारजी ने उनका एक स्वतंत्र संमिश्र ढाँचा बनाया है और इस प्रकार स्वयं की गायकी समन्वयात्मक (eclectic) बनाई है। अब उनकी गायकी के अंतर्गत रचना की कुछ विशिष्टतायें प्रस्तुत करने का प्रयास कर देखता हूँ।

अन्य चालू गायकी तथा कुमारजी की गायकी में पाया जानेवाला यह फ़र्क़ तत्काल ध्यान में आ जाता है। अब तक का तरीका यह रहा है कि ताल के धीमे-धीमे चलनेवाले एक आवर्तन में जिसे गुत्थी कहा जा सके उस प्रकार की बात बमुश्किल एकाध ही हुआ करती थी। मतलब विलम्बित लय के प्रत्येक आवर्तन में पहले हौले हौले शुरुआत कर ज़रूरत हो तो दो-तीन मात्रायें यूँ ही बीत जाने देने के पश्चात् धीरे धीरे उत्कण्ठन के परमोच्च बिन्दु तक जा पहुँचना और फिर उस के बाद ही उस उत्कण्ठा को विसर्जित करना। उत्कण्ठा की पराकाष्ठा बंदिश के मुखड़े से लगे हुए पहले बिन्दु पर होती थी। और फिर बंदिश का मुखड़ा लेकर समावस्था प्रस्थापित की जाती थी। अर्थात् एक आवर्तन में एक बार उत्कण्ठन तथा एक बार उसका विसर्जन इस प्रकार की प्रक्रिया सामान्यतया होती थी। लेकिन कुमारजी के गाने में एक बार उत्कण्ठन, फिर उससे भी अधिक उत्कण्ठन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और तीसरी बार दूसरी बार से भी अधिक उत्कण्ठन इस तरह का क्रम चलता है। पहले दो उत्कण्ठन अविसर्जित रह जाते हैं और फिर बंदिश का मुखडा लेकर इन उत्कण्ठनों का विसर्जन होता है। माने, हर बार नया उत्कण्ठन, पहले का निराकरण होने के पूर्व ही दूसरा तैयार, और वह मिटने के पहले तीसरा हाजिर, इस प्रकार उत्कण्ठनों की मालिका कुमारजी पेश करते हैं।

कुमारजी की गायकी की एक और विशेषता यह है कि समय के अनुरूप, उनकी तान, अन्य गायकों की अपेक्षा बहुत अधिक तेज है। उनकी आवाज़ सुरीली है ही किन्तु उसकी चपलता अद्भुत है। लिहाजा तान की उनकी फिरत भी उतनी ही तेज़ है यह कहना अनावश्यक है। लेकिन कह सकते हैं कि आजकल के सभी गायकों का एक सामान्य लक्षण तेज़ तान है। फैयाज़ खाँ की गमकदार धीमी तान, साथ ही अल्लादिया खाँ, केसरबाई, मोगुबाई, हीराबाई आदि की भी तान आज के जमाने में पिछड़ गई है। और आज के किसी भी गायक को लें तो प्रतीत होगा कि गमक की तान पर से उसकी श्रद्धा ही उठ गई है। तीस चालिस के इधर के और धीमी गमकदार तान पर श्रद्धा रखनेवाले गायक या गायिका के दर्शन अभी तक लेखक को हुए नहीं हैं। अब जो है या हो चुका है, वह अच्छा है या बुरा है यह सवाल ही यहाँ पैदा नहीं होता। पर कुमारजी की गायकी की यह एक विशेषता है यह नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता।

उत्कण्ठन (टेन्शन) या तनाव निर्माण करने की कुमारजी की करामात भी असाधारण है। अनायास प्रभावशाली तनाव निर्माण करने में वे सिद्धहस्त हैं। कहाँ जा पहुचेंगे इसका कोई ठिकाना नहीं। किन्तु छोटी-छोटी बातों में से भी वे एकदम अप्रत्याशित खिंचाव पैदा कर देते हैं। बंदिश के अक्षरों के उच्चारणे में भी उनकी यह क्षमता दिखाई देती है। बंदिश के शब्दों में से किसी एक अक्षर को लेकर कुछ ऐसे आवेश से दुबारा वे उसका उच्चारण करते हैं कि वहीं जबर्दस्त खिंचाव पैदा हो जाता है, और सुननेवाला चकरा जाता है। बंदिशों का इस प्रकार उच्चारण करनेवाला अन्य कोई मुझे तो नज़र नहीं आया है। और खास तौर से ध्यान में रखने की बात यह है कि उच्चारणजन्य उत्कण्ठन उनकी गायकी में इतनी विपुलता से तथा स्थान स्थान पर बिखरा हुआ है मानों पग पग पर गत्यवरोध निर्माण करनेवाले वर्तमान ज़माने से ही वे स्पर्धा कर रहे हों। उनके संगीत के छोटे मात्रांश में भी संगीतिक घटनायें (म्यूज़िकल इव्हेंट्स) कूट कूट कर भरी होती हैं। अक्षरों के उच्चारण से भी खिंचाव निर्माण करने की कुमारजी की क्षमता इतनी बड़ी है कि उच्चारण की यह पद्धति वे बदल दें तो उनकी गायकी का प्रभाव आधे से भी कम हो जायगा, ऐसा कम-से-कम मुझे तो लगता है। और, इस दृष्टि से कुमारजी ने एक दिशा अलोकित कर समूचे हिंदुस्थानी संगीत को समृद्ध बनाया है और उसका दायरा भी बड़ा कर दिया है।

कुमारजी की गायकी के अन्तर्गत रचना की उक्त विशिष्टतायें ध्यान में आने के बाद मेरे मन में एक प्रश्न हमेशा खड़ा होता है। वह यह कि उनके गाने में आज के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गतिमान् समय का, आपाधापी एवं उलझनों से युक्त समाज-जीवन का प्रतिबिम्ब ही तो कहीं नज़र नहीं आता ? कुमारजी की तान की तेज़ी और आज के जीवन की गति इन दोनों का क्या कोई सम्बन्ध है ? उनके गाने में पाये जानेवाले तनाव और आज के, विशेषतया महायुद्धोत्तर, जीवन के तनाव और पेंच इनका सम्बन्ध क्या केवल काकतालीय ही है ? कहते हैं कि संगीत में समयानुरूप मुहावरा (contemporary idiom) होता है। जीवन में होनेवाला परिवर्तन कला में भी प्रतिबिम्बित होता है यह सूत्र इतने प्रकट रूप से सही लगता है कि उसके बारे में सन्देह क्यों व्यक्त किया जाय सो समझ में नहीं आता। लेकिन जीवन के कौन-से परिवर्तन कला में परावर्तित होते हैं तथा किन इकाइयों के माध्यम से और कैसे होते हैं यह सोचने लगें तो इन प्रश्नों के उत्तर आसानी से नहीं मिलते। साहित्य जैसी कलाओं के सन्दर्भ में इन प्रश्नों के आम तौर पर संतोषजनक उत्तर पा सकना अधिक आसान हो सकता है। संगीत के बारे में इन प्रश्नों के उत्तर देना इस कला के विशिष्ट स्वरूप के कारण ही बेहद कठिन है। और मैं उन उत्तरों को देने का प्रयास भी नहीं करता। लेकिन बार बार लगता है कि कुमारजीकी गायकी में नये ज़माने की, परिवर्तनशील, परिवर्तित युग की विशेष छाया है। संगीत के क्षितिज पर कुमारजी का जब उदय हो रहा था तब यह भावना व्यक्त भी की जा चुकी है। संगीत का धर्म 'ग्लानि-ग्रस्त' है और उससे उसे मुक्त करने के लिए यह श्रीकृष्ण का 'अवतार' ही हुआ है, आदि विचार ऐसे समय सूझने लगते हैं। कुमारजी के बारे में यह सब हो चुका है, कहा जा चुका है। लेकिन ऐसे उद्गार महज मित्रों की श्रद्धा व भक्ति के प्रतीक कहकर टाले नहीं जा सकते। इनमें इससे अलग एवं महत्त्वपूर्ण अर्थ हो ऐसी संभावनाएँ हैं। 'प्रतिबिम्ब' के इस विषय की अधिक खोजबीन किसी के द्वारा की जानी चाहिये। मैं सिर्फ यही कहने की इज़ाजत चाहता हूँ कि कुमारजी के गाने में ऐसा कुछ प्रतिबिम्ब मुझे दिखाई देता है।

कुमारजी की गायकी की एक और विशेषता यह है कि स्वर-लय से सोलह आने ईमानदारी बरतते हुए भी उन्होंने अपने संगीत को आक्रामक बनाया है। उनकी गायकी इतनी युयुत्सु तथा विजिगीषु हो इसका कारण है उनका असाधारण आवेश और आवेग। अब तक इतिहास कुछ ऐसा रहा है कि गायकी आक्रामक बनाने हेतु स्वर की सचाई की ओर कुछ उदासीनता अपनाई जाती थी। एक मान्य घराने में आक्रामकता का पीछा करते करते स्वरों की कुछ उपेक्षा करनी पड़ी और फिर नाक से गाना, अथवा खुरच कर आवाज मिलाना आदि तरीके उस घराने की गायकी में रूढ़ हो गये। इसका नतीजा हम आज भी देखते ही हैं। लेकिन कुमारजी की खासियत है कि आक्रामकता हासिल करने के लिये न तो उन्हें स्वरों के प्रति बेईमानी करनी पड़ी और न लय से एकाकार होने से जी चुराना पड़ा। और फिर भी वे आक्रामकता का कीर्तिमान स्थापित कर पाये। असामान्य आवेश के लिये आन्तरिक प्रेरणा भी उतनी ही शक्तिशाली हो यह आवश्यक है। कुमारजी के संगीत की सारी शक्ति एवं क्षमता इस शक्तिशाली प्रेरणा में ही समाई हुई है। लेकिन सवाल उपस्थित होता है कि प्रेरणा में पायी जानेवाली असामान्य शक्ति का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मूल कारण आख़िर क्या हो सकता है? कोई भी समर्थ अभिव्यक्ति उतनी ही समर्थ प्रेरणा के बिना सम्भव हो ही नहीं सकती।

कुमारजी के संगीत में पाया जानेवाला अनन्यसाधारण आवेश या vitality जन्मजात तो है ही लेकिन मेरी समझ के अनुसार उसका पोषण लोकगीतों के अनुशीलन के कारण ही हो पाया है। यह विचार, सम्भव है, तर्कसंगत न हो पर अन्य कोई कारण कम-से-कम मुझे ज्ञात नहीं है। संगीत की बहती गंगा से स्फूर्ति ग्रहण करना एक बात है तथा उसे ग्रहण कर उसके अलावा उसके उद्‌गम का जीवन-रस पीना बिलकुल अलग है। दोनों किनारों को छेक कर बहनेवाली संगीत-धारा में कई छोटे प्रवाह मिले रहते हैं यह बात सही है। किन्तु साथ ही उसमें कीचड़-कूड़ा भी बहता आता है और गायकों के मन-मस्तिष्क पर इसका भी असर होता है। लेकिन गंगोत्री के निर्मल सोते में जो अपना कण्ठ भिगो ले उसका तेज और सत्त्व श्रेष्ठ ही होगा इसमें अचरज कैसा? लोकगीत song of the soil ही होता है। अशोधित भले ही हो, पर उसकी जीवन-शक्ति अन्य किसी से भी अधिक होती है। क्योंकि स्वयं धरती के जीवनसत्त्व ही वह सोख लेता है। इन अनगढ़ लोकगीतों का स्वर लगाने का तरीका, आघात और ढंग कुछ अलग ही होता है। और इसलिये कुमारजी के संगीत के ठोसपन vitality को धार प्रदान करने का श्रेय लोकसंगीत में उनके अवगाहन को ही देना होगा। उनके गाने में जो कई 'पुकार' और 'आघात' हैं वे लोकगीतों से ही आये हैं। इसका अनुभव कोई भी उनकी एकाध महफ़िल सुनकर आसानी से प्राप्त कर सकता है।

संगीत की सृजनशक्ति नये स्वरसंयोग ज़माने में निहित होती है। नये स्वरसंयोगों की कल्पनायें सूझना ही संगीत के क्षेत्र की प्रतिभा है। कुमारजी के गाने की उभरी हुई विशिष्टता है कि उन्हें नई एवं तेजस्वी कल्पनाएँ बेहद तेज़ी से और बहुत सूझती हैं।

और कुल मिलाकर कुमारजी के गाने का रंग अनोखा, है exotic है। उनकी गायकी अलग प्रतीत होती है सो खासकर इसी कारण से, ऐसा लगता है। उनके गाने का मुख्य आकर्षण इसीमें समाया हुआ है। हम जो स्वर एवं स्वरावली सुन रहे हैं वह पहले कभी सुनी ही नहीं थी इतना नयापन एवं इतनी ताज़गी होती है उनमें। वे केवल नई हैं मात्र इतना ही मैं नहीं कहना चाहता। क्योंकि औसत प्रतिभावाला गायक भी हर महफ़िल में कुछ-न-कुछ नया प्रस्तुत करता ही है। कुमारजी की नवीनता में भी एक अलग जोश, एक अलग भूल-भुलैय्या होती है। वह संगीत, ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी अन्य भूभाग से आया है और फिर भी एक रहस्यमय ढंग से दिल के तारों को छेड़ता है। कुमारजी के गाने में जो चेतनता है, जो vitality है उसका कारण क्या यही हो सकता है?

संक्षेप में, मौलिक मानसिक क्षमता, भूमि की प्रसवशक्ति तथा सत्त्व, अब तक की परिष्कृत कुल गायकी का सार रूप मनोहारी मिश्रण कुमारजी के संगीत में है। इसके साथ ही समय की पुकार की प्रतिध्वनि भी उसमें गूँजती है।

समय जैसे जैसे बदलेगा, संगीत में भी उसी के अनुरूप परिवर्तन होगा और चूँकि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पिछले पन्द्रह-बीस वर्षों से समय की गति एकदम बेहद तेज़ हो गई है, लिहाजा उसका प्रतिबिम्ब संगीत में दिखाई देगा ही, इस तत्त्व का प्रमाण कुमारजी की गायकी में मिलता है। कुमारजी की तो खैर बात ही अलग है। उनके संगीत का प्रवास स्वयं उनके द्वारा, लीक से हटकर निर्मित मार्ग से ही हुआ है। पर जिन्होंने पूर्वपरम्परानुरूप शिक्षा पाई और उसी परम्परा में जो बडे हुए उनमें भी यह परिवर्तन होता चलता है और वह जान भी पड़ता है। इसका उदाहरण देना हो तो श्री भीमसेन जोशी का दिया जा सकता है। किराना घराने की भरपूर तालीम और उसका अनुशासन उनके ख़ून में समाया हुआ है। लेकिन समय की नवीन गति का परिणाम उन पर भी हुआ है। कट्टरता के बन्धन उन्होंने काफ़ी ढीले कर दिये हैं। और कुछ तो बिलकुल ही छोड़ दिये हैं। और नये समय के नये मूल्य अपना लिये हैं। भिन्न मोड़ की हो तो भी चमकीली तेज़ ताना उनकी भी विशिष्टता बन गई है। मूल किराना गायकी में उन्होंने इतना फ़र्क़ कर डाला है कि कइयों की शिकायत है कि उनकी गायकी से किराना घराने की विशिष्टता नष्ट हो गई है। इतना परिवर्तन कट्टर परम्पराप्रियता मंजूर नहीं करती। लेकिन शायद यही चीज, माने वर्तमान घराने से संवादी परिवर्तन ही, उनके भारी यश का कारण है ऐसा मुझे लगता है।

बात चल पड़ी है इसलिये कहता हूँ। आजकल के गायकों में कुमारजी और श्री भीमसेन जोशी इन दोनों ने ही बड़ा यश अर्जित किया है। और दोनों के उदाहरण तो बहुत ही उद्बोधक हैं। दोनों ही की गायकी कालमान के अनुरूप ही है। किन्तु कला का प्रवास इन दोनों ने बिलकुल विरोधी दिशाओं से किया है। कुमारजी के प्रवास का प्रारम्भ विद्रोह से हुआ, माने घरानेदार गायकी के इनकार से ही वे चले। तो भीमसेनजी का प्रारम्भ परम्परागत कट्टर गायकी से हुआ। यही नहीं बल्कि वह उनके रक्त में घुलमिल गई। कुमारजी का अगला प्रवास स्वनिर्मित कलात्मक बन्धनों को स्वीकार करते हुए हुआ तो भीमसेन स्वयं को पुराने बन्धनों में से मुक्त करने के प्रयास में लगे। मतलब कुमारजी का प्रवास 'स्वतंत्रता से बन्धन की ओर' जा रहा है तो भीमसेन बन्धन से स्वतंत्रता की ओर जा रहे हैं। कुमारजी स्वयं की भूमिका का वर्णन 'बन्धनयुक्त स्वतंत्रता' करते हैं और भीमसेन किन शब्दों में करते हैं सो उन्होंने आज तक कहा नहीं है। लेकिन उनकी कृति से वह स्वतंत्रतायुक्त बन्धन होगी यही प्रतीत होता है। ये दोनों कलाकार इस प्रकार आमने-सामने नज़र आते हैं। किन्तु उनके प्रवास के मार्ग एकरूप न होकर समानान्तर ही रहेंगे यह स्पष्ट है क्योंकि प्रत्येक की आवाज़, धारणा, मनोवृत्ति, प्रतिभा और कुल मिलाकर व्यक्तित्व ही भिन्न है।

क्या कुमारजी की नई गायकी जड़ पकड़ पायेगी? मतलब क्या वह एक 'घराने' के रूप में प्रस्थापित हो सकेगी? प्रश्न बहुत मुश्किल है। कभी ऐसा लगता है कि उनके गुणों की समृद्धि अधिकांशतया व्यक्तिगत ही है। लिहाजा उसका 'कायदा' नहीं हो सकेगा। ऐसी आवाज़ तथा प्रतिभा के लोग बिरले ही होते हैं। कम-से-कम अब तक बिरले ही रहे हैं। रहिमत खाँसाहब का घराना नहीं बन पाया। भास्करबुआ का नहीं

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बना। और नाट्य संगीत में नारायणराव बालगंधर्व का भी कोई घराना कायम नहीं हुआ। फिर भी कुमारजी की आवाज़ से, उसकी चपलता से एक हद तक सहधर्मी, आवाज़ के गायक आजकल नजर आते हैं। ऐसे शिष्य-प्रशिष्य उन्हें मिलें तो निश्चय ही उनका स्वतंत्र घराना कायम हो सकेगा।

घराना कायम होगा या नहीं यह सवाल इस प्रकार संदेहास्पद हो तो भी एक श्रेष्ठ कला के नाते उनकी गायकी अभिजात अवश्य ही मानी जायेगी, प्रतिष्ठा प्राप्त करेगी। आज भी उसे वह प्रतिष्ठा काफ़ी कुछ मिल चुकी है। काफ़ी कुछ कहने की वजह यह है कि आज भी एक ऐसा घरानेदार वर्ग है कि जो उनके संगीत से स्तिमित होता है, वे पूर्वजन्मों के गुण लेकर पैदा हुए हैं यह मानता है, उनके नवनिर्माण के प्रति आदर रखता है, उन्हें एक 'जीनियस' के रूप में स्वीकार करता है, फिर भी दबी ज़बान से शिकायत भी करता है कि उनके संगीत से हमें तस्कीन नहीं मिलती। इस सिलसिले में एक बात हमेशा ध्यान में रखनी होगी कि किसी भी नवीनता अथवा नवनिर्माण को सामान्यतया बीस-पच्चीस वर्ष यानि मोटे तौर से एक पीढ़ी का अर्सा उम्मीदवारी में गुज़ारना पड़ता है। यह नवनिर्माण का अलिखित कानून है। इस दृष्टि से कुमारजी की उम्मीदवारी की अवधी कब से गिनी जाये यह भी एक सवाल है। मेरी राय में उसकी शुरुआत सन १९४७ से यानि जब उन्हें साक्षात्कार हुआ कि 'मुझे गाना आ गया' तब से गिनी जानी चाहिये। माने उम्मीदवारी के उनके सत्रह वर्ष बीत चुके हैं और आगामी पाँच-दस वर्षों में उनकी गायकी अपने आप कायम हो जायेगी ऐसा अनुमान किया जा सकता है।

उम्मीदवारी के इस अर्से में नये अनुभव आते हैं और कला (आकृति तत्त्व) में उसी हिसाब से सुधार होता चलता है। मन-ही-मन निर्धारित हिसाब बार बार जाँचे परखे जाते हैं। बदलते समय की आहट मिलती है। सुननेवालों की अपेक्षाओं की जानकारी भी बढ़ती जाती है। स्वयं की कला तथा गायकी के स्थिर मूल्य क्या तथा कौनसे हैं, यह भी समझ में आता है। और ऐन जवानी की भड़कीली अतिरंजनापूर्ण तथा अविवेकी भावना काफी सौम्य होने लगती है। जैसे जैसे यह प्रक्रिया होती है वैसे वैसे इस नई गायकी में स्वयं गायक ही परिवर्तन करता चलता है। इस के बाद ही वह नवीन गायकी निश्चित होती है और उसे अभिजात्य की प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। तब तक जो रूठा हुआ तथा असंतुष्ट वर्ग होता है वह भी समय के साथ मिटता जाता है।

पिछले पाँच-पचास वर्षों में हुए अल्लादिया खाँ तथा अब्दुल करीम खाँ जैसे नव निर्माताओं को भी इस प्रक्रिया तथा उम्मीदवारी के अर्से से गुजरना पड़ा है यह तथ्य लेखक की पीढ़ी को अच्छी तरह से ज्ञात है। पहले के कुछ वर्ष उपहास तथा तिरस्कार फिर उनकी गायकी की समर्थता का धुंधला सन्देह, फिर नये आविष्कार की जिज्ञासा, उसके बाद उसके विशिष्ट आनन्द की अनुभूति व जानकारी और तब कहीं मान्यता एवं प्रतिष्ठा इस प्रवास से कोई भी नवनिर्माता बच नहीं पाया। इसकी तुलना में कहना होगा कि कुमारजी की यात्रा बहुत ही सुखपूर्वक हुई है। उपहास और तिरस्कार का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तो प्रश्न ही नहीं बल्कि प्रारम्भ से ही उनको प्रशंसा प्राप्त होती रही। श्रोताओं ने उन्हें सिर पर उठा लिया और जो आलोचना हुई वह भी बेहद सौम्य स्वरूप की थी।

लेखक की पीढ़ी अथवा जो परंपरा के अनुसार शिक्षित है वह युवा वर्ग भी कुमारजी के संगीत से 'खुश' न हो इस में अचरज की कोई बात नहीं। पचीस वर्षों से भी अधिक समय से मैं उनकी सराहना करता चला आ रहा हूँ फिर भी स्वयं मुझे उनके गाने में खास आकर्षण प्रतीत नहीं होता था। कोई भी नई बात समझ लेनी पड़ती है, दिमाग को कुछ खपाना पड़ता है। नई पद्धति की कुछ बंदिशें गले में उतारने की कोशिश करनी पड़ती है। तथा उनकी नई राहों को कुछ आत्मसात करना पड़ता है। यह सब कुछ मैंने भी जानबूझकर नहीं किया। अभी अभी तक मेरी उत्सुकता भी जागृत नहीं थी। पर पिछले कुछ वर्षों से मेरे खास दोस्तों पर कुमारजी कुछ इस तरह से हावी हो गये कि स्वयं को अछूता रख ही नहीं पाया। मित्रों के घर जब भी कुमारजी आकर ठहरते, वह एक त्योहार माना जाता था। मित्रों के यहाँ कुमारजी का गाना होता ही था और ऐसे सब अवसरों पर मैं भी हाज़िर रहता था। इसलिये कुमारजी की गायकी से अधिकाधिक परिचय होता गया। बाद बाद में कुमारजी मेरे भी घर पर मुकाम करने लगे और मेरे बच्चे भी वह त्योहार-समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाने लगे। और उनके मन पर कुमारजी की गायकी का असर इस कदर ज़बर्दस्त है कि जिसका कोई हिसाब नहीं है। वे उनकी बंदिशें रातदिन गुनगुनाया करते हैं। मेरे घर पर कुमारजी ने जब इस प्रकार आक्रमण कर दिया तब मुझे उनकी गायकी का ज़ायका अधिकाधिक समझ में आने लगा और अब तो बात यह भूमिका लिखने तक बढ़ चुकी है। मतलब यह कि कुमारजी की गायकी की विशेषतायें समझ में आने के लिये मैंने जान-बूझकर कोशिशें की हैं अथवा मेरे द्वारा हो गई हैं। तो, आलोचक भी इस नई गायकी, नये युग तथा उसके नये मूल्य समझ पाने के लिये जब तक स्वयं के मस्तिष्क तथा कण्ठ को कष्ट नहीं देंगे उसकी विशिष्ट कलात्मकता समझ नहीं पायेंगे। और शायद, मेरे जैसे भारी गले में वह उतर न भी पाये तो भी उसके भिन्न एवं विशिष्ट-स्वाद का चाव अवश्य लग जायेगा।

इस सारे विवेचन के पश्चात् भी मेरे मन में एक बात खटक रही है कि कुमारजी की गायकी की आत्मा में उँगली रखकर बता नहीं पाया हूँ। उनकी गायकी में ही पारे के समान कुछ ऐसा गुण है कि उसकी आभा मन को मोह लेती है, चपलता आँखों में समा जाती है और जब तक हाथ में है उसका वजन भी महसूस होता है, लेकिन उसे मुट्ठी में पकड़ लेना बड़ा मुश्किल होता है। पकड़ में न आने की, फिसलकर निकल जाने की उसकी खूबी भी बेहद है। और एक बार छूट निकलने पर हाथ में कुछ भी शेष नहीं रहता। छूट निकलने की उसकी प्रक्रिया भी इतनी अजीबोगरीब है कि किस दिशा से वह निकल जायेगी इसका कोई अन्दाज नहीं लगाया जा सकता। कुमारजी की गायकी mercurial है। जब तक सुनते रहो उसकी तेजस्विता से सुननेवाला अभिभूत हो जाता है, उसके वज़न का भी अनुभव करता है। लेकिन बाद में उसकी चर्चा करने के लिये हाथ में कुछ नहीं होता। क्योंकि उसकी चपलता भी उतनी ही अप्रत्याशित होती है। अब आगे क्या

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होगा, हरकत या तान, या बोलतान कुछ भी कहना, असम्भव है। फिर वह किस प्रकार की होगी इसका अनुमान तो लगाया ही नहीं जा सकता। मेरी तो खैर बात छोड़िये मेरा सांगीतिक जीवन एक विशिष्ट मार्ग से ही गया है, जो भी सीखा है सो परम्परागत रूप में। मन पर जो संस्कार हैं सो पहली पीढ़ी के हैं। फिर थोड़ा-बहुत गा भी लेता हूँ तो भी गायक ही हूँ! लेकिन कुमारजी के साथ संगत करनेवाले वादक भी इस कठिनाई को अनुभव करते हैं। संगत करनेवाला वादक स्वभाव से ही सूक्ष्म दृष्टिवाला होता है। क्योंकि उसे तो प्रत्येक स्वर पकड़ना पड़ता है। उसे भी जब यह कठिनाई अनुभव होती है तो मुझे भी अनुभव हुई इसमें आश्चर्य नहीं। एक वादक ने मुझे बताया है कि अन्य किसी की संगत करते समय दस में से छे-सात अन्दाज़ सही उतरते हैं लेकिन कुमारजी की संगत करते समय मुमकिन है कि दस के दस अन्दाज़ ग़लत साबित हों। यानि उनकी गायकी, बंसी में नहीं अटकती। लेकिन अचरज की बात यह है कि युवक गायकों के गले में वह एक हद तक उतर जाती है। रसिकों को रिझाती है और सुनने-वालों को वह सम्मोहित कर लेती है।

कुमारजी को मैं इतने वर्षों से निहारता रहा हूँ, पूर्व जन्मों के गुणों का उनके द्वारा किया गया विकास देखकर प्रसन्नता अनुभव करता रहा हूँ और मैंने पाया है कि वे कलाकार के नाते बड़े हैं उसी प्रकार मानव के नाते भी बड़े हैं। कुमारजी की रोजमर्रा की बोलचाल भी मधुर, सुसंस्कृत और चतुरता-भरी होती है। इस हद तक कि किसी समाज और मजमें में उनका व्यक्तित्व उभर कर नज़र आता है। उनमें कई खूबियाँ हैं, अनेक हुनर हैं। किसी भी बिकट परिस्थिति का मुकाबला ठण्डे दिमाग से करने की मानसिक शक्ति है, तथा सभी पहलुओं से बात को सोच विचार कर तत्काल सही निर्णय करने की बौद्धिक क्षमता भी है। सूझबूझवाले सयाने भी जहाँ गड़बड़ा जायें वहाँ कुमारजी सही निर्णय पर पहुँचते हैं, यह अनुभवसिद्ध है। तथा सामान्यतया जो शारीरिक व्याधि प्राणलेवा होती है उसे समेट कर उन्होंने अपना सन्तुलन बनाये रक्खा है। अन्तर में व्यथा समेटे हुए तथा बंदिशों में 'शोक' नामधारी यह व्यक्ति अत्यन्त धीरज वाला है। और कलाकार स्वयं को कला के हेतु पूरी तरह समर्पित कर दे किन्तु जीवन में बह न जाये, सन्तुलन न छोड़े यह आचरण धर्म भी वह निभाते रहे हैं।

कुमारजी के सारे कृतित्व की जड़ में उनकी सौन्दर्यशोधक दृष्टि तथा विशेष तीव्र प्रकार की संवेदनक्षमता है। इस संवेदनक्षमता के कारण ही जहाँ जहाँ जिस जिस गायक में तथा जिस जिस गायकी में उन्हें एक भी गुण दिखाई दिया वहाँ वहाँ से उसे उन्होंने सीख लिया। स्वयं को मिले किंचित् लाभ का भी ऋण अत्यन्त खुले दिल से मान्य करते समय उनका अहंकार कभी भी उनको नहीं रोकता। और उनकी सौन्दर्य-वेधी दृष्टि मात्र संगीत की ओर ही लगी रहती हो सो नहीं बल्कि समूचे नादविश्व की ओर लगी रहती है। मात्र मानवी स्वर ही नहीं बल्कि प्रकृति के भिन्न नाद भी, किसी भीखमंगे के स्वरों का मजा तो उन्हें नज़र आता ही है लेकिन किसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जंगली पक्षी के स्वर का भी। और तब उस आवाज का पीछा करनेवाले उनके बावरे कान उन्हें जंगलों में भी घसीट ले जाते हैं। इस बावरेपन के कारण ही वे लोकगीतों की ओर खींचे और सो इस हद तक कि विभिन्न प्रदेशों के लोकगीतों को वे पुराने परिचित मित्रों की तरह पहचान सकते हैं, किसी खटके के आधार पर वह गीत किस प्रदेश का है यह वे बता सकते हैं, लोकगीत गाते समय कोई, ग़लत आघात करे तो वे उसे सुधार सकते हैं। इस बावरेपन के कारण ही अनन्त प्रकार के भजन वे सुन चुके हैं, उनका विपुल आस्वाद ले चुके हैं तथा उनके स्वर्णकण मस्तिष्क में संजो रक्खे हैं। उनकी संवेदनक्षमता ने उन्हें बहुत समृद्ध बनाया है।

और यह कह चुकने के पश्चात् संगीत पर उनकी असीम एकमार्गी श्रद्धा है यह अलग से कहने की आवश्यकता नहीं रहती। क्योंकि वे उसी विश्व में लीन हैं। उनके जीवन की इतिकर्तव्यता अन्य नहीं है।

उन्होंने स्वयं की गायकी का जो विकास एवं विस्तार किया है उससे मैं प्रभावित हुआ हूँ तथा उनकी नई गायकी, नये राग एवं नई बंदिशों ने मुझे आकर्षित किया है। उनकी गायकी में आकारतत्त्व का उभार मैं अपनी आँखों से देखता और कानों से सुनता चला आ रहा हूँ। उसकी विकासक्षमता भी मुझे अभिभूत कर डालती है। "मैं हमेशा कुछ न कुछ नया प्रयोग करने की फिराक में रहता हूँ" यह उनका वाक्य मेरे कानों में हमेशा गूँजता रहता है। गायकी के सभी अंगों का विकास चाहने वाले इस कलाकार को यह एहसास है कि जो करना है वह अभी आगे ही है।

इस सन्दर्भ में उनकी एक तुकबन्दी मुझे याद आती है कि जिसका आशय है— "मैं जिसके पीछे पड़ा था, अब उसके आगे हूँ, पर जब मैं चारों ओर देखता हूँ तब मुझे नज़र आता है कि जो कुछ है वह सब आगे ही है।" इतनी मंज़िलें पार करने के बावजूद भी, जो कुछ हासिल करने लायक है वह अभी आगे है यह अनुभूति मन में बराबर बनाये रखनेवाला कलाकार शायद ही कभी नज़र आता है। इसी में उनकी यशस्विता का रहस्य तथा भावी विकास का आश्वासन अनायास ही निहित है। कुमारजी का भावी प्रवास तथा प्रस्तुत संकलन अधिकाधिक यश अर्जित करे इस हार्दिक कामना के साथ यह प्रदीर्घ भूमिका यहीं समाप्त करना उचित होगा।

छंदोवती
४८४/६८ मित्रमंडल कालनी
पर्वतीदर्शन, पूना ९

—वा० ह० देशपाण्डे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वरांकन संकेतों का परिचय

१. री ग ध नि इन स्वरों के नीचे '–' इस प्रकार डॅश का चिन्ह हो तो वे स्वर कोमल हो जाते हैं। जैसे :—री ग ध नि। यदि यह चिन्ह न हो तो वे स्वर शुद्ध या तीव्र रहते हैं।

२. कोमल या शुद्ध मध्यम को कोई चिन्ह नहीं। तीव्र मध्यम के ऊपर '।' ऐसी खड़ी रेषा का चिन्ह होगा। जैसे : 'म'।

३. मंद्र सप्तक के स्वरों के नीचे '.' इस प्रकार बिंदु का चिन्ह होगा। जैसे : नि़ ध़ प़ म़।

४. तार सप्तक के स्वरों के ऊपर '.' इस प्रकार बिंदु का चिन्ह होगा। जैसे : सां रीं गं मं पं।

५. मध्य सप्तक के स्वरों के ऊपर या नीचे कोई चिन्ह न होगा। जैसे। सा री ग म प ध नि।

६. ‿ इस अर्धचंद्र या कमानी के चिन्ह के अंदर अंकित स्वर एक मात्रा की अवधि में होते हैं जैसे : मप मपध मपध–मपधनि मपधनि, सांनिधप।

७. ‾ इस प्रकार उलटा अर्धचंद्र या कमान का चिन्ह जिन स्वरों पर हो वहाँ एक स्वर से दूसरे स्वर पर "मींड" लेकर या कमानी बनाकर गाना चाहिये।

८. स्वरों को अलंकारिक बनाने के लिए तथा रागरूप शुद्ध रखने के लिये जो स्वर होते हैं वे स्वरों के ऊपर बाईं ओर दिखाये गये हैं। इन्हें 'कण' स्वर भी कहते हैं। जैसे : सा री ग (ग) और प ध सां (सां)।

९. जिस स्वर के आगे '–' इस प्रकार डॅश हो वह चिन्ह पीछे के स्वर को आगे बढ़ाने के लिए होता है। जैसे : म ---।

१०. गीत के शब्दों के अक्षर का मात्रा-काल बढ़ाने के लिए 'ऽ' इस अवग्रह चिन्ह का उपयोग किया गया है। जैसे। आ ऽ उं ऽ रे ऽऽ।

११. ताल की पहली मात्रा जिसे 'सम्' कहते हैं वह "×" इस चिन्ह से दर्शाई गई है। इसी प्रकार ताल की खाली याने ताल का आधा हिस्सा होने के बाद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जो दूसरा आधा हिस्सा शुरू होता है इसे '०' शून्य चिन्ह से सूचित किया गया है।

१२. जो ताल जितनी मात्राओंका होगा और उसका ताल विभाजन या खंड जैसे होंगे उसके अनुसार 'बंदिशें' या गीत स्वरबद्ध किये जाते हैं और लिखे जाते हैं।

१३. स्वरों के नीचे '–' इस प्रकार डॅश हो और ऊपर '।' रेखा हो वह स्वर कोमल और शुद्ध स्वर का बीच का अंतर होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तालों का परिचय

रूपक ताल

रूपक ताल सात मात्राओंका होता है। इस ताल में तीन खंड होते हैं। पहला खंड तीन मात्राओंका तथा दूसरा और तीसरा खंड दो, दो मात्राओंका होता है। पहली मात्रा पर सम है। चौथी और छठी मात्रा पर आघात है। इस ताल का स्वभाव ही मध्य लय है।

१	२	३	४	५	६	७
तिन्	तिन्	ना	धी	ना	धी	ना
×			२		३	

झपताल

झपताल दस मात्राओं का होता है। इस ताल में चार खंड होते हैं। पहले और तीसरे खंड में दो, दो मात्राएँ होती हैं। दूसरे और चौथे खंड में तीन, तीन मात्राएँ होती हैं। पहली मात्रापर सम और छठी मात्रा पर खाली है। तीसरी तथा आठवीं मात्रा पर आघात है। इस ताल का विशेष गुण ठाय और मध्यलय है।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
धी	ना	धी	धी	ना	ती	ना	धी	धी	ना
×		२			०		३		

एकताल

एकताल बारह मात्राओं का होता है। इस ताल में छः खंड होते हैं। प्रत्येक खंड दो मात्राओं का होता है। पहली मात्रा पर सम और सातवीं मात्रा पर खाली है। पांचवीं, नौवीं तथा ग्यारहवीं मात्रा पर आघात है। विलंबित, ठाय, मध्य तथा द्रुतलय इस ताल का विशेष गुण है।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
धिन्	धिन्	धागे	तिरकिट	तू	ना	क	त्ता	धागे	तिरकिट	धिन्	ना
×		०		२		०		३		४	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्रिताल

त्रिताल सोलह मात्राओं का ताल है। इस ताल में चार खंड होते हैं। प्रत्येक खंड चार मात्राओं का है। पहली मात्रा पर सम और नौवीं मात्रा पर खाली है। पांचवीं तथा तेरहवी मात्रा पर आघात है। इस ताल का विशेष गुण विलंबित, ठाय, मध्य तथा द्रुतलय है।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
धा	धिन्	धिन्	धा	धा	धिन्	धिन्	धा	धा	तिन्	तिन्	ता	ता	धिन्	धिन्	धा
×				२				०				३			

छकताल

यह ताल चौबीस मात्राओं का है। छकताल में चार खंड हैं। प्रत्येक खंड छः मात्राओं का होता है। पहली मात्रा पर सम और तेरहवीं मात्रा पर खाली है। सातवीं और उन्नीसवीं मात्रा पर आघात है। विलंबित और ठाय लय ही इस ताल का विशेष गुण है।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
धा	–	धिन्	–	धा	–	धा	–	धिन्	–	धा	–
×						२					

१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
धा	–	तिन्	–	ता	–	ता	–	धिन्	–	धा	–
०						३					

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनूपरागविलास

पारम्परिक राग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग तोडी, ताल त्रिताल, लय मध्य

देवो मोहे धीर माई सरसती देवी
तुमरो गुन रटरट दिन जुग बीते ॥
शोक मन माँगे आसीस तोरी
एक बार मोहे आन मिलोरी ॥

स्थाई

नि

मं	धनि	सां	निध	मं	ध	–	ध	नि	ध	मं	–	ध	सां	–	सां, नि
दे	वो	ऽ ऽ	मो	ऽ हे	धी	ऽ	र	मा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ ऽ ऽ	ई,	स
	३				×				२				०		
ध	मं	री	ग	री	–	सा	–	सा	री	ग	–	मं	मं	ध	नि
र	स	ती	ऽ	दे	ऽ	वी	ऽ	तु	म	रो	ऽ	गु	न	र	ट
३				×				२				०			
ध	मं	री	ग	री	सा	–	–	सारीगमं		गरी, गमं		धनी धमं			
र	ट	दि	न	जु	ग	ऽ	ऽ	बी ऽ ऽ ऽ		ऽऽ, ऽऽ		ते ऽ ऽ ऽ			
३				×				२							
धनी सां रीं				गंगं रीं सां				नी ध मं ग		रीसारीग,		मं			
ऽ ऽ ऽ ऽ				ऽ ऽ ऽ ऽ				ऽ ऽ ऽ ऽ		ऽ ऽ ऽ ऽ,		दे			
				०											

अंतरा

मं	ध	सां	सां	सां	रीं	–	सां	ध	–	सां	सां	–	गं	रीं	सां गं
शो	क	ऽ	म	न	मां	ऽ	गे	आ	ऽ	सी	स	ऽ	तो	ऽ	री ए
	३				×				२				०		
रीं	सां	–	नि	ध	ध	ध	मं	सारीगमं		गरी, गमं		धनीधमं		धनीसांरी	
क	बा	ऽ	र	मो	हे	आ	न	मि ऽऽऽ		ऽऽ, ऽऽ		ऽऽ ऽऽ		लो ऽऽऽ	
३				×				२							
गंगं रीं सां				नीधमंग				रेसारीग, मं							
ऽऽ री ऽ				ऽऽऽऽ				ऽऽऽऽ दे							
०															

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग तोडी, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

पूछो काय मोसे, मोसे रे
आज शुभ दिन है राजन
मन में भयो आनंद रंगीला रे ॥
कुसुम रंग छायो केसूला
बन में जारे तू लेता आजो रे ॥

स्थाई

			नि																				
सां	सां	ध	–ध	मं	ध	–	–	–	मं	–	ध	मं	धनि	सां	निध	सां							
पू	छो	का	ऽय	मो	से	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	मो	से	रेऽ	ऽ	ऽऽ,	पू							
	३				×				२				०										
			नि													नि							
सां	ध	–ध	मं	ध	–	–	–	मं	–	ध	मं	धनि	सां	री	ग								
छो	का	ऽय	मो	से	ऽ	ऽ	–	ऽ	ऽ	मो	से	रेऽ	ऽ	ऽ,	आ								
३				×				२				०											
–	री	–	सा	सा	–	सा	सारी	ग	गमं	री	ग	री	–	–,	सा								
ऽ	ज	ऽ	शु	भ	ऽ	दि	नऽ	है	ऽऽ	रा	ज	न	ऽ	ऽ,	म								
३				×				२				०											
सा				ध																			
री	ग	–	मं	मं	ध	–	नि	ध	ध	निसां	सां	रींसांनि	धपमं	गरीसा,	सां								
न	में	ऽ	म	यो	आ	ऽ	नं	द	रं	गीऽ	ला	रेऽऽ	ऽऽऽ	ऽऽऽ,	पू								
३				×				२				०											

अंतरा

ग	मं	ध	निनि	धमं	धनि	सां	–	–	सां	–	सां	सां	रीं	सां	–,	सा							
कु	सु	म	रंऽ	गऽ	छाऽ	ऽ	ऽ	ऽ	यो	ऽ	के	सू	ला	ऽ	ऽ,	ब							
	३				×				२				०										
											नि												
री	ग	–	री	ग	मं	ध	मं	ध	सां	–	सां	रींसां	निध	पमं,	ध								
न	में	ऽ	जा	रे	तू	ऽ	ले	ता	आ	ऽ	जो	रेऽ	ऽऽ	ऽऽ,	पू								
३				×				२				०											

२ : अनूपरागविलास

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग बिलासखानी तोडी, ताल त्रिताल, लय मध्य

नयन में जल भर आये देखन तोहे
काहे पिया नहीं देत दरस मोहे ॥
शोक मन छाये, याद तरसाये
कैसे धरूं धीर, देवो दरस मोहे ॥

स्थाई

ग॒ री॒ –नि॒ ध॒	नि॒ सा –री॒ ग॒	ग॒ – ग॒ री॒	ग॒ री॒ सा सा
न य ऽन में	ज ल ऽम र	आ ऽ ये दे	ख न तो हे
०	३	×	२
ग॒ री॒ सा –	नि॒ सा –री॒ ग॒	रीग॒ म ग॒ री॒	गं॒ री॒ –सा सा
का ऽ हे ऽ	पि या ऽन हीं	देऽ ऽ त द	र स ऽमो हे
०	३	×	२

अंतरा

ग॒ री॒ सा –री॒	ग॒ प ध॒नि॒ – – ध॒	सां – सां रीं	सां गं॒ रीं सां
शो ऽ क ऽम	न छा ऽऽ ऽऽ ये	या ऽ द त	र सा ऽ ये
०	३	×	२
सांरीं गं॒ रीं नि॒	सां ध॒ – म	पध॒ नि॒ ध॒ म	ग॒ रीग॒ –री॒ सा
कैऽ ऽ से ध	रूं धी ऽ र	देऽ ऽ वो द	र सऽ ऽमो हे
०	३	×	२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग अहीरभैरव, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

कैसे मनालूँ रे
बुझावुँ अब कस तोहे रे
समुझाय हारी हारी रे ॥
पूछो ना मोसे, अबरे पिया
करो ना संदेहा मोपेंरे
समुझाय हारी हारी रे ॥

स्थाई

																		ग					
प	ध	नि॒सां	धप	मप	म	म	–	–	–	पम	गम	री॒	सा	ग	–	म,	म
कै	ऽ	ऽऽ	सेऽ	ऽऽ	म	ना	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	लूँ	ऽ	रे	ऽ	ऽ,	बु
		३				×				२				०			
		धप	पम	गम	गरी॒	री॒सा	–	–	सा	ग	म	ध	–	धम	म	–,	ध़
		झाऽ	बुँऽ	ऽऽ	अऽ	ब	ऽ	ऽ	ऽ	क	स	तो	हे	ऽ	रेऽ	ऽ	ऽ, स
		३				×					२				०		
		नि॒	सा	–	री॒	ग	–	म	–	मप	धप,	पध	नि॒ध	धनि॒	सांसां	नि॒ध,	नि॒सां
		मु	झा	ऽ	य	हा	ऽ	री	ऽ	हाऽ	ऽऽ,	रीऽ	ऽऽ	रेऽ	ऽऽ	ऽऽ,	कैऽ
		३				×				२				०			
		–	धप	मप	म												
		ऽ	सेऽ	ऽऽ	म												
		३															

अंतरा

सा	सांसां	धप	मप	म	म	–	–	ग	मपध	नि॒सां	धनि॒	री॒	–	सां,	नि॒
पू	छोऽ	नाऽ	ऽऽ	मो	से	ऽ	ऽ	अ	बरेऽ	ऽऽ	पिऽ	या	ऽ	ऽ,	पू
	३				×				२			०			
	सांसां	धप	मप	म	म	–	–	ग	म पध	नि॒सां	धनि॒	री॒	–	सां,	सां
	छोऽ	नाऽ	ऽऽ	मो	से	ऽ	ऽ	अ	ब रेऽ	ऽऽ	पिऽ	या	ऽ	ऽ,	क
	३				×				२			०			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सां						प	म								
गं	रीं	–	सांनि	निसां	–	ध	म	प	–	गम	रीग	री	सा	–,	ध़
रो	ना	ऽ	संऽ	देऽ	–	हा	ऽ	मो	ऽ	पेऽ	ऽऽ	रे	ऽ	ऽ,	स
३				×				२				०			
नि़	सा	–	री	ग	–	म	–	म़प	धप	पध	निध	धनि	सांसां	निध	सां
म	झा	ऽ	य	हा	ऽ	री	ऽ	हाऽ	ऽऽ	रीऽ	ऽऽ	रेऽ	ऽऽ	ऽऽ	कै
२				×				२				०			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग ललित, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

ये मेरो मन बसियारे
तोरे अंखियांपे वारी जाऊं रे ॥
हाल-बेहाल भई रें बनवारी
नेक नजर मोपे राखो, वारी जाऊं रे ॥

स्थाई

												ग							
ग	मं	ध	मं	ध	मं	म	–	–	–	म	–	ग	री	मं	–धमं	मग–	,	नि	
ये	ऽऽ	मे	रो	म		न	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽऽ	ब	सि		या	ऽरेऽ	ऽऽऽ,		तो	
	३					×				२				०					
	–	री	ग	री		म	–	ग	री	री	ग	म	मं	निं,	निध	धमं	मंमम,		ग
	ऽ	रे	अं	खि		यां	ऽ	पे	ऽ	वा	री	जा	ऊं	रे,	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽऽ	ये	
	३					×				२				०					

अंतरा

मं																		म	
ध	–ध	मं	धध	मं	म	–	–	–	मं	धमं	धरीं	नि	रींगं	मं	मं	मं			
हा	ऽल	बे	हाल	म	ईं	ऽ	ऽ	ऽ	रेऽ	ऽऽ	ब	न	वाऽ	ऽ	री,	ने			
	३				×				२				०						
	–मं	गं	रीं	नि	ध	मं	म	ग	री	ग	म	मं	नि,	निध	धमं	मंमम	ग		
	ऽक	न	ज	र	मो	पे	रा	खो	वा	री	जा	ऊं	रे	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽऽ	ये		
	३				×				२				०						

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग गुणकरी, ताल त्रिताल, लय द्रुत

आव म्हारा मनबसियारे
दरसबिना रे तरस रही मैं ॥
निरख-निरख नित रैन दिना रे
याद करत अब तरस रही मैं ॥

स्थाई

म	पध॒प	पम	मग	गरी	रीसा	–री	सा	प	–	–	–	म	पध॒प	पमम	री				
आ	ऽऽव	म्हाऽ	राऽ	म	ऽ न	ऽ	ऽ ब	सि	या	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽऽऽ	रेऽऽ	ऽ				
०				३					×				२						
–	मम	प	ध॒	सां	–	सां	–	प	ध॒सां	ध॒	ध॒	पध॒	पध॒	पमम	री				
ऽ	दर	स	बि	ना	ऽ	रे	ऽ	त	रऽ	स	र	ही	ऽ ऽऽ	मैंऽऽ	ऽ				
०				३					×				२						

अंतरा

													सां						
म	म	प	ध॒	सां	सां	सां	सां	–	रीं	–रीं	रीं	रीं	–	सां	–				
नि	र	ख	नि	र	ख	नि	त	ऽ	रे	ऽन	दि	ना	ऽ	रे	ऽ				
०				३					×				२						
ध॒	–	ध॒	ध॒	सां	सां	ध॒	ध॒	–	ध॒ध॒	ध॒	ध॒	पध॒	पध॒	पमम	री				
या	ऽ	द	कं	र	त	अ	ब	ऽ	तर	स	र	हीऽ	ऽऽ	मैंऽऽ	ऽ				
०				३					×				२						

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग अल्हैयाबिलावल, ताल त्रिताल, लय द्रुत

लैता जाज्यो म्हारो दै सने सो
तू तो जाण्यो म्हारो दुखरो, अब ये ॥
ऊबीरी है कयो मग में हूँ तो
विरहा अगिन मन में, अब ये ॥

स्थाई

						प		ध			नि				
प	ध	पम,	म	ग	री	ग	प	नि	–	नि	सां	–	ध	नि	धग – , प ध
लै	ता	जाऽ,	ऽ	ज्यो	ऽ	म्हा	रो	दै	ऽऽ	स	ने	ऽ	ऽऽ	ऽ	सोऽ ऽ, ले ता
		०					३				×				२

							प		ध			नि			
पम,	म	ग	री	ग	प	नि	–	नि	सां	–	ध	नि	धप – , री ग
जाऽ,	ऽ	ज्यो	ऽ	म्हा	रो	दै	ऽऽ	स	ने	ऽ	ऽऽ	ऽ	सोऽ ऽ, तू तो
०					३				×				२

प	पध	निध	धप	पध	ग	प	ध	पध	निसां	सा	सा	गम	ग,	ग,	प ध
जा	ण्योऽ	ऽऽ	म्हाऽ	रोऽ	ऽ	दु	ख	रोऽ	ऽऽ	अ	ब	येऽ	ऽ,	ऽ,	ले ता
०				३				×				२			

अंतरा

							री								
ग	नि	ध	प	ध	म	गम	ग	ग	प	धनि	सांनि	सां	ध	निध	निग, ग प
ऊ	बी	री	है	ऽ	क	योऽ	ऽऽ	म	ग	मेंऽ	ऽऽ	ऽ	हूँ	तोऽ	ऽऽ, बि र
		०				३				×				२	

धनि	सांरीं	गं	सां	निध	धप	म	ग	पध	निसां,	सा	सा	साम	गं,	ग,	प ध
हाऽ	ऽऽ	ऽ	अ	गिऽ	नऽ	म	न	मेंऽ	ऽऽ,	अ	ब	येऽ	ऽ,	ऽ,	लै ता
०				३				×				२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग जीवनपुरी, ताल त्रिताल, लय विलंबित

श्याम बजा बाँसुरियारे
सुन लेहूं रे धुन तोरी, नीकोरे नीको लागेरे ॥
आछी-आछी तान सुरन कन तोरे
मोह लेत मोहे लय रूप
धुन तोरी नीको रे नीको लागेरे ॥

स्थाई

--, -- --, -- --, प ध नि सां - नि ध, प प -
ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ, श्याऽ ऽ म ऽ ब ऽ, जा ऽ ऽ
३

नि -, -- --, -- नि ध -, नि ध - प -, - -
बाँ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ
×

ध म, -- ध प, - - नि सां नि नि, - - नि ध, नि ध
सु ऽ, ऽ ऽ रि ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ
२

प -, -- प ध, म - मप, प ध प, ग, -- री री -, --
या ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ रे ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ
०

सा -, -- म -, ग - री री -, सा - - -, म री -
ऽ ऽ, ऽ ऽ सु ऽ न ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ, ले ऽ ऽ
३

म -, -- --, -- प म -, प म - प -, - -
हूं ऽ, ऽ ऽ ऽऽ, ऽ ऽ रे ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ, ऽ ऽ
×

प -, -- प -, -- नि ध -, नि ध - प -, - -
धु ऽ, ऽ ऽ न ऽ, ऽ ऽ तो ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ री ऽ, ऽ ऽ
२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ध म, -- मप, नि ध प- पसां-, --- सां-, सां-
ऽ ऽ ऽऽ नीको, रे ऽ ऽ ऽ ऽऽऽ, ऽ ऽ ऽ नीऽ, कोऽ
०

सांनि-, रींसां रीं- नि ध-, प-- धम-, पध निसां -निध, पप-
ला ऽ ऽ, ऽ ऽ ऽ गे ऽ ऽ, ऽऽऽ रे ऽ ऽ श्या ऽ ऽ म ऽ ब ऽ, जा ऽऽ
३

अंतरा

--, -- --, -- --, मप -नि ध, नि ध प-
ऽऽ, ऽऽ ऽऽ, ऽऽ ऽऽ, आछी ऽआऽ, ऽऽछीऽ
३

सां-, -- सां-, -- निधधप, सां- --, सांसां
ताऽ, ऽऽ नऽ, ऽऽ सुऽरऽ, नऽ ऽऽ, कन
×

रींमंपंगं, -- रीं-, सां- रींरींसांनि, धप-प निनिधप, मगरीसा
तोऽऽऽ, ऽऽ रेऽ, ऽऽ मोऽहले, ऽऽऽत मोऽहेल, यरूऽप
२

नि
रीम, पध मप, निधप- पसां--, -- सां-, सां-
धुन तोरी नीको, रेऽऽऽ ऽऽऽऽ, ऽऽ नीऽ, कोऽ
०

सांनि--, रींसांरीं- निध-, प- धम-, पधनिसां -निध, पप-
लाऽऽऽ ऽऽऽऽ गेऽऽ, रेऽ ऽऽऽ, श्याऽऽम ऽबऽ, जाऽऽ
३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग जीवनपुरी, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

अरि येरी जागरी
पिछुहारे श्याम खरे नोजमोरी ॥
अरि वोके माथे सोहे है पिसारो
कर मुरली अधर धर बोलायोरी ॥

स्थाई

–	पम	धप	प	सां	–	–	–	रींनि	–	सां	रीं	ध	–	प	–
ऽ अरि	ये	ऽ	री	जा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ग	ऽ	री	ऽ
३				×				२				०			

												म			
–	मम	धप	प	नि –		–नि	धप	पध	म	मप	धप	ग	री	–	म
ऽ पिछु	हा	ऽ	रे	श्या	ऽ	ऽम	खऽ	रेऽ	ऽ	बोऽ	ऽऽ	ला	यो	ऽ	री
३				×				२				०			

अंतरा

						रीं		नि							
–	मप	निध	प	सां	–	सां,	सां	ध	प	सां	–	सां	रीं	निध	प
ऽ अरि	वो	ऽ	के	मा	ऽ	थे,	सो	हे	ऽ	है	ऽ	पि	सा	रो	ऽ ऽ
३				×				२				०			

												म			
–	पम	धप	प	निसां	निनि	निध	धप	प,	ध	प	धप	ग	री	–	म
ऽ कर	मु	ऽ	र	लीऽ	ऽऽ	अऽ	धऽ	र	ध	र	बोऽ	ला	यो	ऽ	री
३				×				२				०			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तराणा, राग जीवनपुरी, ताल त्रिताल, लय द्रुत

तदानि तारे, तारे दानि रे, तनन देरेना देरेना
ओदानि दानि तारे दानि, तननन देरेना ॥
दीं तानों तानों, तों तों तननारे
देदेरे तदारे, तननन देरेना ॥

स्थाई

–	नि॒	ध॒	प	सां	–	–	–	रीं	नि॒	सां	रीं	ध॒	–	प	नि॒
ऽ	त	दा	नि	ता	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ता	रे	दा	ऽ	नि	रे
३				×				२				०			
–	नि॒	ध॒	प	सां	–	–	–	रीं	नि॒	सां	रीं	ध॒	–	प	नि॒
ऽ	त	दा	नि	ता	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ता	रे	दा	ऽ	नि,	रे
३				×				२				०			
–	नि॒	ध॒	प	ग॒	री	–	म	–	म	प	प	म	प	नि॒	ध॒
ऽ	त	न	न	दे	रे	ऽ	ना	ऽ	दे	रे	ना	ओ	दा	नि	दा
३				×				२				०			
प	सां	–	ध॒	प	रीं	–	सां	गं॒	रीं	नि॒	सां	रीं	ध॒	नि॒ –	प
नि	ता	ऽ	रे	ऽ	दा	ऽ	नि	त	न	न	न	दे	रे	ऽ	ना
३				×				२				०			
–	नि॒	ध॒	प												
ऽ	त	दा	नि												
३															

अंतरा

–	री	म	प	सां	–	ध॒	प	सां	–	सां	–	सां	सां	सां	सां
ऽ	दीं	ता	नों	ता	ऽ	नों	ऽ	तों	ऽ	तों	ऽ	त	न	ना	रे
३				×				२				०			
–	रीं	मं	पं	गं॒	रीं	–	सां	गं॒	रीं	नि॒	सां	रीं	ध॒ नि॒	–	प
ऽ	दे	दे	रे	त	दा	ऽ	रे	त	न	न	न	दे	रे	ऽ	ना
३				×				२				०			
–	नि॒	ध॒	प												
ऽ	त	दा	नि												
३															

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग देशकार, ताल झपताल, लय मध्य

आयो मिलवे को जी
शुभ घरी, शुभ दिन को
शुभ संदेस सो लायो जी ॥
कछु न रहे मन में जो
चाहे सो बोलिलो
आज मन धोइलो जी ॥

स्थाई

							री				
सां–	धसां	प–	गप	धप	ग–	सा–		रीध़	सा–	सा–	
आऽ	ऽऽ	योऽ	ऽऽ	मिल	वेऽ	ऽऽ		कोऽ	ऽऽ	जीऽ	
×		२			०			३			
सा–	साध़	सा–	सा–	––	प–	पग		प–	ध–	प–	
शुऽ	भऽ	घऽ	रीऽ	ऽऽ	शुऽ	भऽ		दिऽ	नऽ	कोऽ	
×		२			०			३			
				रीं							
सां–	रीं–	गं पं	गं–	सांसां	सां–	धसां		प–	धग	पध	
शुऽ	भऽ	संऽ	देऽ	ऽस	सोऽ	ऽऽ		लाऽ	ऽऽ	योजी	
×		२			०			३			

अंतरा

ग–	प–	ध–	सां–	सां–	सां–	सां–		सांरींध–	सां–	सां–	
कऽ	छुऽ	नऽ	रऽ	हेऽ	मऽ	नऽ		मेंऽऽऽ	ऽऽ	जोऽ	
×		२			०			३			
		प									
सा–	––	ध–	ध–	––	सां–	धसां		प–	ध–	––	
चाऽ	ऽऽ	हेऽ	सोऽ	ऽऽ	बोऽ	ऽऽ		लिऽ	लोऽ	ऽऽ	
×		२			०			३			
				रीं							
सां–	रीं–	गं–पंगं	गंसां	सां–	सां–	धसां		प–	धग	पध	
आऽ	ऽऽ	जऽऽऽ	मऽ	नऽ	धोऽ	ऽऽ		इऽ	लोऽ	ऽजी	
×		२			०			३			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग देशकार, ताल त्रिताल, लय मध्य

जा जारे भौंरा जारे बिदेसा
संदेसा लेता आजो सैयाँ का ॥
पूछो जो तोहे हलिया मोरा
बतै दे मनमां बिरोग भवा ॥

स्थाई

सा | ध –धप पग,प ध | सां – ध सां | धप,प पग – पध प | ग –सा सा, सा |
जा | जा ऽरेऽ ऽऽ,मौ रा | जा ऽ ऽ ऽ | रेऽ,ऽ ऽऽ ऽ ऽऽ बि | दे ऽऽ सा, सं |
३ × २ ०

ध़ सा – सा | ध –पसां धसां | धप,प प,ग-गप–धप | ग – –सा, सा |
दे सा ऽ ले | ता ऽ आऽ ऽऽ | जोऽ,ऽ ऽ, ऽऽसैऽ याँऽ | का ऽ ऽऽ, जा |
३ × २ ०

अंतरा

सां सां
ग | प ध – ध | सां – – ध | सां रींगंरीं सांसां ध | धसांध प,प– –, सा |
पू | छो जो ऽ तो | हे ऽ ऽ ह | लि याऽऽ ऽऽ मो | राऽऽ ऽऽ ऽ, ब |
३ × २ ०

ध री
ग –प – प | ध –ध – सां | प – गप धप | ग – सा, सा |
तै ऽदे ऽ म | न ऽमां ऽ बि | रो ऽ गऽ भऽ | वा ऽ ऽ, जा |
३ × २ ०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग देशी, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

आपके बुलावा है जो
सुध है के नाहीं मनरंग
वहाँ तो जी बाट जोरियो ॥
अरे हांरे मैं भूलीग्यो
नेक भयो तू आयोरे
अब तू भी साथे चलियो ॥

स्थाई

म नि ध म
ग॒ | री म प प | सां – सां – | प॒ – म प ध प | ग॒ री –, री |
आ | प के ऽ बु | ला ऽ ऽऽ ऽ | वा ऽ है ऽ ऽऽ | जो ऽ ऽ, सु |
३ × २ ०

ग॒ री – सा | सारी – नि॒ – | सा – म प | ध प प री –, म |
ध है ऽ के | नाऽ ऽ ऽ ऽ | हीं ऽ म न | रंऽ गऽ ऽ, ब |
३ × २ ०

नि ध म म
प .प गं॒रीं रींसां | सां – सां – | प – म प ध प | ग॒ री –, ग॒ |
हां तो ऽऽ जीऽ | बा ऽ ऽ ऽ | ट ऽ जोऽ रीऽ | यो ऽ ऽ, आ |
३ × २ ०

अंतरा

प ध प सां प
री | म प सां – | सां – – – | नि॒ – सांरीं गं॒ | रींरीं सां –, रीं |
अ | रे हां रे ऽ | मैं ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ भूऽ ऽ | लीऽ ग्यो ऽ, ने |
३ × २ ०

ध प
– गं॒रीं गं॒ रींसां | सांरीं गं॒रीं रींसां सां | प – ध म – | ध प सां –, री |
ऽ कऽ ऽ मऽ | योऽ ऽऽ ऽऽ ऽ | तू ऽ आऽ ऽ | योऽ रे ऽ, अ |
३ × २ ०

नि ध म म
म प गं॒रीं रींसां | सां – सां – | प – म प ध प | ग॒ री –, ग॒ |
ब तू ऽऽ भीऽ | सा ऽ ऽ ऽ | थे ऽ चऽ लिऽ | यो ऽ ऽ, आ |
३ × २ ०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग देशी, ताल एकताल, लय द्रुत

येरी आली मोहे
कल ना परत कबहूंरी ॥
जद खोले पलखन ये
निसदिस मुख दरसोरी ॥

स्थाई

री	म	प	री	—	ग	सा	सा	री	नि़	सा	—
ये	री	आ	ऽ	ऽ	ली	ऽ	मो	हे	ऽ	ऽ	ऽ
४		×		०		२		०		३	
नि़	प़	सा	नि़	री	सा	री	मरी	म प	ध़ प	ग	री
क	ल	न	प	र	त	क	बऽ	हूंऽ	ऽऽ	री	ऽ
४		×		०		२		०		३	

अंतरा

प	प										
म	म	ध	—	प ध	म प	सां	सां	रीं	रीं	सां	प
ज	द	खो	ऽ	लेऽ	ऽऽ	प	ल	ख	न	ये	ऽ
४		×		०		२		०		३	
मरी	री	प म	म	ध प	प	सां	सां	म प	ध़प	ग	री
निऽ	स	दिऽ	स	मुऽ	ख	द	र	सोऽ	ऽऽ	री	ऽ
४		×		०		२		०		३	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग भैरवी, मध्यम ग्राम, ताल त्रिताल, लय मध्य

नाद धुन गान आज मन गावां
ध्यान कर रूप, पार नहीं पावां ॥
बीच मझधार, देख डर लागे
ध्यान कर रूप, पार नहीं पावां ॥

स्थाई

																		ध़					
नि़	ग	रीसा	–	सा	सानि़नि़	–	सा	–	सा,	नि़ध़ध़	–	नि़	ध़	–नि़	ध़	सा	–	सा,	ग
ना	ऽ	दऽ	ऽध	नऽ,	ऽऽ		गा	ऽ	न,	आऽऽऽ		ऽ	ज	ऽम	न	गा	ऽ	वां,	ध्या
	३						×					२				०			
	–रीसा	–री	सारी		म	–	म,	ग	गमपध	मप	–ग	म	गरीसानि़		सारीग	–	–,	नि़	
	ऽ	नऽ	ऽक	रऽ	रू	ऽ	प,	पा	ऽऽऽऽ	रऽ	ऽन	हीं	पाऽऽऽ		वांऽऽऽ		ऽ,	ना	
	३				×				२				०						

अंतरा

सा																							
प	–	गम	सागु	मगु		प	–	प	प	–	गम	–प	धप		नि	–	धप,	प,	प				
वी	ऽ	चऽ	ऽम	झऽ		धा	ऽ	र	दे	ऽ	खऽ	ऽड	रऽ		ला	ऽ	गेऽ,	ऽ,	ध्या				
	३					×				२					०								
	–	मग,	गसा	–री	सारी		म	–	म	ग	गममध	मप	–ग	म	गरीसानि़		सारीग	–	–नि़				
	ऽ	नऽ,	ऽऽ	ऽक	रऽ		रू	ऽ	प	पा	ऽऽऽऽ	रऽ	ऽन	हीं	पाऽऽऽ		वांऽऽऽ		ऽना				
	३						×				२				०								

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग गौडसारंग, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

पिया बसेरा घर आली
फुलवन लागी मैं कलियाँ ॥
हरे हरे पातन मैं लाथी
हरुवा बनाय डारूंगी कलियाँ ॥

स्थाई

सा	री सा म –	ग, – –, –	–, – ग री	म ग – म
पि	या ब से ऽ	रा, ऽ ऽ, ऽ	ऽ, ऽ घ र	आ ली ऽ, फु
	३	×	२	०
	ग प – प	प – सां –	ध प पध पप	म ग री, सा
	ल व ऽ न	ला ऽ गी ऽ	मैं ऽ कऽ लिऽ	याँ ऽ ऽ, पि
	३	×	२	०

अंतरा

प	प सां – सां	सां – सां सां	ध नि ध पप –	म ग – ग
ह	रे ह ऽ रे	पा ऽ त न	मैं ऽ लाऽ ऽ	यी ऽ ऽ, ह
	३	×	२	०
	री म ग ग	प –प सांरीं सांसां	पध पप पध पप	म ग री, सा
	रु वा ऽ ब	ना ऽय डाऽ ऽऽ	रूंऽ गीऽ कऽ लिऽ	याँ ऽ ऽ, पि
	३	×	२	०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग शुद्धसारंग, ताल त्रिताल, लय मध्य और द्रुत

नैना न माने मोरा
छतिया थरक गई रे पियरवा ॥
जानूं न जानूं मैं
कांहे चुरिया करक गई रे लंगरवा ॥

स्थाई

रीसासा
म | – री – सा | नि़ – – ध़ | नि़ – सा – | सारी सासा –, प़ |
नै | ऽ ना ऽ न | मा ऽ ऽ ऽ | ने ऽ मो ऽ | राऽ ऽ ऽ ऽ, छ |
३ × २ ०

प री
नि़ सा – री | मं प ध नि | निध प, प– मं म | री सारी सासा, म |
ति या ऽ थ | र क ग ई | रेऽ ऽ, ऽऽ पि य | र वाऽ ऽऽ, नै |
३ × २ ०

अंतरा

प
म | री – मं प | नि – – ध | – नि सांरीं सांसां | नि, नि प –, नि़ |
जा | ऽ ऽ नूं न | जा ऽ ऽ ऽ | ऽ नूं मैंऽ ऽ ऽ | का, ऽ हे ऽ, चु |
३ × २ ०

प
सा री मं प | नि सांरीं सां नि | प – मं म | री सारी सासा, म |
रि या क र | क गऽ ई रे | ऽ ऽ लं ग | र वाऽ ऽऽ, नै |
३ × २ ०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग मधमाधसारंग, ताल एकताल, लय द्रुत

रुखवा तले आया, आया तले आया
बेठा वटमारा, तपना करि दूरा ॥
अरे वो बाजी आवो, पियासा बुझाले तोरा ॥

स्थाई

म	री	म	प	प	नि	निप	मम	–	–	मम	री
रु	ख	वा	ऽ	त	ले	आऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	याऽ	ऽ
०		३		४		×		०		२	

	सा	नि़			सा						
री	नि़	सा	–	नि़	री	री	–	–	–	सा	–
आ	ऽ	या	ऽ	त	ले	आ	ऽ	ऽ	ऽ	या	ऽ
०		३		४		×		०		२	

नि़सा	रीसा	नि़प़	–	नि़	सा	रीम	सारी	–	–	री	–
बेऽ	ऽऽ	ठाऽ	ऽ	ब	ट	माऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	रा	ऽ
०		३		४		×		०		२	

री	म	पनि	प	नि	सां	सां	रींसां	निनि	पम	मरी	सासा
त	प	नाऽ	ऽ	क	रि	दू	राऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
०		३		४		×		०		२	

अंतरा

					नि						
री	म	पनि	प	नि	सां	सां	–	–	–	सां	–
अ	रे	वोऽ	ऽ	वा	जी	आ	ऽ	ऽ	ऽ	वो	ऽ
०		३		४		×		०		२	

		सां									
सां	नि	रीं	नि	सां	नि	सां	रींसां	निनि	पम	मरी	सासा
पि	या	सा	बु	झा	ले	तो	राऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ
०		३		४		×		०		२	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

राग भीमपलासी, ताल एकताल, लय विलंबित

नाद सो जानुरे सुरगानी
महाकठन ये बिस्तार धरम है ॥
सुरत देखाय जब ये नाद-लय
करो रे आघात सह लो
तब ताल सुर बन सार, धरम है ॥

स्थाई

म म
--, -- ग, म, गरी, सा | म-, -- ग -, म प |
ऽऽ, ऽऽ ना, ऽ, ऽद, सो | जाऽ, ऽऽ ऽ ऽ, ऽ नु |
४ ×

म
प-, ग- म-, मम | धप, -, नि, - धध, -, प, प |
रेऽ, ऽऽ ऽऽ, सुर | गाऽ ऽ, ऽ, ऽ नीऽ, ऽ, ऽ, म |
० २

प ध धप म ग
नि,-, -, प प मग, ग, सा, मग | री, -, सासा, सा म ग, प म |
हा, ऽ, ऽ, क ठ नये, ऽ, ऽ, त्रिऽ | स्ता, ऽ, ऽऽ, र ध ऽ, र ऽ |
० ३

म म ग म
ध, पप, ग, सा ग, म, गरी, सासा |
म, ऽऽ, है, ऽ ना, ऽ, ऽद, सोऽ |
४

अंतरा

प ध
- -, - - ग, म, -प, -नि | ध -, प प निं नि सां, नि, -, प |
ऽ ऽ, ऽ ऽ सु, र, ऽत, ऽदे | खाऽ, ऽय जबऽ, ये, ऽ, ऽ, |
४ ×

सां
सां, नि, -, निनि सां सां, सां, -, - | निनि, सां, गं, रीं -, नि, -, सांरीं |
नाऽ, ऽ, ऽ, दऽ, लऽ, य, ऽ, ऽ | करो, रे, आ, घा ऽ, त, ऽ, सह |
० २

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नि सां, –, –, सांरीं सां, –नि, धप, मधप | म, ग, सा, सा म ग, प म |
लो ऽ, ऽ, ऽ, त ब ता, ऽल, सुर, बऽन | सा, ऽ, ऽ, र ध ऽ, र ऽ
० ३

म म ग म
ध, प प, ग, सा ग, म, गरीं, सासा |
म, ऽऽ, है, ऽ ना, ऽ, ऽद, सोऽ |
४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

